हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 276, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 31 मार्च, 2023 दिन शुक्रवार गाजीपुर/वाराणसी

## धर्म को मात्र उपासना विधि मानने की भूल न करें : योगी

### मुख्यमंत्री ने प्रभु श्रीराम को पालने में झूलाया, बोले- धर्म कर्तव्य का बोध कराता है

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी प्रदेशवासियों को वासंतिक नवरात्र की महानवमी एवं प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें धर्म को मात्र उपासना विधि मानने की भूल नहीं करनी चाहिए। धर्म कर्तव्य का बोध कराता है। धर्म हमें सदाचार, कर्तव्य और नैतिक मूल्यों से जोड़कर सन्मार्ग पर चलते हुए सकारात्मक एवं रचनात्मक प्रवृत्ति की ओर अग्रसर करता है। इसी व्यापक अर्थ में हमें धर्म को अंगीकार करना होगा। धर्म की इसी अवधारणा के अनुरूप केंद्र व प्रदेश सरकार सकारात्मकता व रचनात्मकता को प्रोत्साहन दे रही है। सीएम योगी गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन एवं श्रीराम जन्मोत्सव का अनुष्ठान पूर्ण करने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्रीरामनवमी पर दिख रहा उल्लास व उमंग यह प्रदर्शित करता है कि समाज मे सात्विक व रचनात्मक प्रवृत्तियां तेजी से आगे बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सकारात्मकता व रचनात्मकता के कार्यक्रमों से नए भारत का निर्माण

हो रहा है। कहा कि पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक पूरा देश एकस्वर के प्रधानमंत्री की भाषा में बोल रहा है। पूरी दुनियासामर्थ्यवान और शक्तिशाली भारत की ताकत का एहसास कर रही है। उन्होंने कहा कि समर्थ भारत में रामराज्य की परिकल्पना भी साकार हो रही है। रामराज्य के अनुरूप शासन की योजनाओं का लाभ समाज के हर तबके तक बिना भेदभाव पहुंच रहा है।

**पीएम मोदी की तारीफ की-** मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान भारत के सामर्थ्य और संवेदनशीलता को पूरी दुनिया ने देखा है। जनकल्याण के अनेक कार्यक्रम सबके सामने हैं। जरूरतमंदों को बिना भेदभाव आवास, शौचालय, रसोई गैस कनेक्शन, बिजली कनेक्शन की निशुल्क सुविधा दी गई। यही नहीं संकट के समय मे हर गरीब को मुफ्त राशन भी उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक के जीवम में व्यापक परिवर्तन का अभियान चलाया जा रहा है। और यही धर्म हमें सिखाता है। उन्होंने जी-20 के नेतृत्व को देश के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि जी-20 का थीम वसुधैव कुटुम्बकम धर्म के विराट स्वरूप की व्याख्या करने वाली भारतीय मनीषा की ही देन है।

**देशभर में जन्म उत्सव मनाया जा रहा-** मुख्यमंत्री ने मां जगतजननी भगवती व मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम से सभी नागरिकों के सुखमय, समृद्धिमय जीवन की प्रार्थना करते हुए कहा कि नवमी तिथि पर मां सिद्धिदात्री की आराधना के साथ ही श्रीराम जन्मोत्सव उत्साह व उमंग से मनाया जा रहा है। प्रदेश के अलग अलग स्थलों पर भव्य कार्यक्रम आयोजित हुए हैं। प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या के हर देवस्थल पर काफी उत्साह है। कल से अबतक 15 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या में पवित्र सरयू नदी में स्नान के बाद हुनमानगढ़ी और श्रीराम जन्मभूमि का दर्शन कर चुके हैं।

सभी शक्तिपीठों में भी लाखों श्रद्धालु जगतजननी मां भगवती के सिद्धिदात्री स्वरूप की आराधना कर रहे हैं। सभी धर्मस्थलों पर दुर्गा सप्तशती व अखंड रामायण पाठ का आयोजन भी प्रदेश सरकार की तरफ से सुनिश्चित किया गया है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में सभी स्थानों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

### वडोदरा में रामनवमी शोभा यात्रा पर पथराव, स्थिति तनावपूर्ण होने के बाद भारी पुलिस बल तैनात

गुजरात। वडोदरा में रामनवमी शोभा यात्रा के दौरान एक मस्जिद के सामने स्थिति तनावपूर्ण होने की बात सामने आई है। शहर में असामाजिक तत्वों द्वारा शांति भंग करने की कोशिश की गई है। जानकारी के अनुसार रथ यात्रा के फतेपुरा से रवाना होने से पहले उसपर पत्थर फेंके गए हैं। कई वाहनों पर भी पत्थर फेंककर तोड़फोड़ किये जाने से माहौल तनावपूर्ण हो गया। हालांकि पथराव की घटना होते ही पुलिस का काफिला मौके पर पहुंच गया। स्थानीय पुलिस का कहना है कि अब कोई समस्या नहीं है और इलाके में शांति कायम है। पुलिस का कहना है कि लोगों को उनके घर भेज दिया गया है और कोई घायल नहीं हुआ है। बता दें कि इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। शोभायात्रा में आए श्रद्धालुओं ने बताया कि जब शोभा-यात्रा निकल रही थी, उस दौरान हनुमान चालीसा का पाठ किया जा रहा था, तभी अचानक पथराव हो गया और अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। पथराव से वाहनों के शीशे टूट गए और स्थानीय महिलाओं के सिर पर भी पथराव किया गया, जिससे लोग भड़क गए। वडोदरा के डीसीपी यशपाल जगनिया ने कहा कि सिटी थाना क्षेत्र में एक मस्जिद के सामने दो गुटों के बीच टकराव हुआ था। उन्होंने कहा कि मस्जिद के सामने से जब यात्रा निकल रही थी तब कुछ लोग एकत्रित हो गए थे लेकिन उन्हें समझाकर वापस भेज दिया गया।

## रामनवमी पर इंदौर में बड़ा हादसा, मंदिर में बावड़ी की छत ढहने से गिरे कई श्रद्धालु; अब तक आठ लोगों की मौत

इंदौर। रामनवमी के मौके पर इंदौर में एक बड़ा हादसा हो गया है। दरअसल, श्री बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में छत ढहने से कुछ श्रद्धालु बावड़ी में गिर गए, जिन्हें बचाने का कार्य जारी है। बताया जा रहा है कि अधिकारियों को इस बावड़ी की कोई जानकारी नहीं थी, हादसे के बाद उन्हें इसका पता चला है। इस हादसे में अब तक 19 श्रद्धालुओं को बाहर निकाला जा चुका है। वहीं, बताया जा रहा है कि आठ लोगों की मौत हो गई है। इंदौर के स्नेह नगर के पास पटेल नगर में श्री बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में रामनवमी के मौके पर भारी संख्या में लोग दर्शन के लिए आए थे। उसी दौरान बावड़ी के ऊपर की छत अचानक ढह गई और लगभग 25 लोग बावड़ी में गिर गए। फिलहाल, घायल हुए लोगों को बचाने का काम जारी है। निगम अफसरों के मुताबिक, बावड़ी 40 फीट गहरी है, उस पर लोहे की जाली थी। इसकी चौड़ाई एक कमरे के बराबर है। लोहे की जाली पर स्लैब डालकर इसका निर्माण किया गया था। हवन के दौरान बावड़ी की छत पर ज्यादा लोगों के होने से जाली टूट गई और हादसा हो गया। इस हादसे के तुरंत बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि तंग गलियां होने से राहत कार्य में थोड़ी परेशानी आ रही है।

एंबुलेंस व 108 की गाड़ी निकलने में भी परेशानी हो रही है। बावड़ी में गिरे कुछ लोगों को जैसे-तैसे बाहर निकाला गया है। कलेक्टर और प्रशासन की टीम सूचना मिलते ही यहां पहुंच गए। इंदौर के जिला कलेक्टर इलैयाराजा टी ने कहा "पंद्रह लोगों को बचाया गया है और 4-5 लोगों को बचाना है। अगले 30 मिनट में अन्य लोगों को बचाया जाएगा। हमारा ध्यान सबसे पहले बचाव कार्यों पर है।" घटनास्थल की स्थिति काफी खराब है। हादसे का शिकार हुए लोगों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि बावड़ी में से महिला और बच्ची समेत 19 लोगों को बाहर निकाला जा चुका है। अन्य लोगों के लिए ऑक्सीजन सप्लाई की गई है। हादसे के बाद से ही लोगों में काफी आक्रोश है। अब तक कई बच्चे और महिलाएं बावड़ी में ही फंसे हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में अबतक 8 लोगों की मौत भी हो गई है। भोपाल में वरिष्ठ अफसरों ने सीएम शिवराज सिंह चौहान को इस घटना की जानकारी दी, जिसके बाद सीएम अधिकारियों के संपर्क में बने हुए हैं। सीएम ने वहां मौजूद अधिकारियों को बचाव कार्य में तेजी लाने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय, इंदौर जिला प्रशासन से निरंतर संपर्क में है। बताया जा रहा हैं कि लगभग 25 इसमें गिरे थे, जिसमें ज्यादातर महिलाएं थीं। बावड़ी हादसे को लेकर पीएम मोदी ने भी चिंता व्यक्त की है।

## कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर, अप्रैल में डीए वृद्धि की घोषणा की तैयारी, 19 लाख को मिलेगा फायदा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में राज्य कर्मियों का महंगाई भत्ता (डीए) बढ़ाने पर हर माह 200 करोड़ रुपये का अतिरिक्त व्यय भार आएगा। एरियर जीपीएफ में भेजने के बारे में निर्णय होना शेष है, इसलिए डीए वृद्धि की घोषणा अप्रैल में किए जाने की तैयारी है। इससे यूपी के करीब 19 लाख कर्मचारियों और पेंशनरों को फायदा मिलेगा।

दरअसल, केंद्र सरकार साल में दो बार महंगाई सूचकांक के आधार पर अपने कर्मियों के महंगाई भत्ता और पेंशनरों की महंगाई राहत (डीआर) में वृद्धि करती है। पहली बार यह वृद्धि 1 जनवरी से और दूसरी बार 1 जुलाई से लागू होती है। आम तौर पर केंद्र के बराबर ही राज्य सरकार भी डीए और डीआर में वृद्धि करती है। केंद्र सरकार ने 24 मार्च को डीए और डीआर में 4 फीसदी बढ़ोतरी की घोषणा की है। यूपी में भी शासन ने इसके हिसाब से गणना कर ली है। उच्चपदस्थ सूत्रों के मुताबिक, यहां भी डीए और डीआर

को मूल वेतन पर 38 फीसदी से बढ़ाकर 42 फीसदी किया जाएगा। इससे सरकार को अपने कर्मियों और पेंशनरों पर प्रति माह 200 करोड़ रुपये अतिरिक्त भुगतान करना होगा। यह वृद्धि एक जनवरी से लागू होगी। अभी तक डीए का एरियर पुरानी पेंशन का लाभ ले रहे राज्य कर्मियों के जीपीएफ खाते में भेजा जाता रहा है, जबकि नई पेंशन स्कीम का लाभ ले रहे कर्मियों के लिए उस मूल्य की एनएससी खरीदनी होती है। नए प्रावधानों के तहत जीपीएफ में साल में पांच लाख रुपये से अधिक राशि जमा नहीं की जा सकती है। आईएएस अधिकारियों के मामले में यह आदेश जारी कर दिया गया है, वहीं अन्य राज्य कर्मियों के मामले में यह प्रक्रिया में है। ऐसे में अब यह निर्णय लेना होना है कि पुरानी पेंशन का लाभ ले रहे कर्मियों को डीए के एरियर के भुगतान को लेकर क्या प्रक्रिया अपनाई जाए। वित्त विभाग के सूत्रों का कहना है कि एरियर जीपीएफ में भेजे जाने का पुराना नियम जारी रखते हैं तो तमाम कर्मियों के मामले में यह 5 लाख की सीमा को पार कर सकता है।

## गोरखनाथ मंदिर में सीएम योगी ने पखारे कन्याओं के पांव, बोले- यही हमारे देश की संस्कृति है

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर स्थित भवन में विधि-विधान के साथ परंपरागत कन्या पूजन किया। उन्होंने मां भगवती के नौ स्वरूपों की प्रतीक नौ कन्याओं, एक बटुक भैरव के पांव पखारकर पहले पूजा-अर्चना की, उसके बाद अपने हाथों से भोजन कराकर दक्षिणा के साथ उनकी विदाई की। इस दौरान मंदिर में पहुंची अन्य कन्याओं को भी उसी श्रद्धाभाव से भोजन कराया गया और विदाई की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृशक्ति की आराधना हमारे देश की संस्कृति है। इसीलिए नवरात्र के नवें दिन कन्या पूजन का विधान है। कन्या पूजन का समय दोपहर 12 बजे निर्धारित था। मुख्यमंत्री के पहुंचने से पहले आमंत्रित कन्याएं पूजन स्थल पर पहुंच गईं। सबसे पहले उन्होंने बारी-बारी से थार में नौ कन्याओं और एक बटुक भैरव को खड़ा कर उनका पांव पखारा। उसके बाद टीका लगाकर चुनरी ओढ़ाई और आरती उतारी। पूजा के बाद कन्या भोज का

कार्यक्रम शुरू हुआ। मुख्यमंत्री एक-एक सभी कन्याओं के पास गए और उनकी थाली में अपने हाथों से भोजन परोसा और बाकायदा पूछ-पूछ कर खिलाया। इस दौरान वह बच्चों को दुलराते भी रहे। भोजन के बाद मुख्यमंत्री ने सभी कन्याओं की अपने हाथ से दक्षिणा देकर सम्मान के साथ विदा किया। मुख्यमंत्री से पूजाकर बच्चे प्रसन्न नजर आए। कुछ ने तो प्रतिक्रिया भी दी। बोले, योगी बाबा बहुत अच्छे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को ब्रह्म मुहूर्त में सुबह चार बजे मां भगवती के नवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आराधना की। मंदिर के शक्तिपीठ में दो घंटे से अधिक समय तक चले अनुष्ठान को प्रधान पुरोहित आचार्य रामानुज त्रिपाठी और उनकी पुरोहित टीम ने सम्पन्न कराया।

## राहुल गांधी पर जर्मनी के बयान पर विवाद!: भाजपा-कांग्रेस में टकराव, दिग्विजय के ट्वीट पर भड़के रिजिजू-सीतारमण

नई दिल्ली। राहुल गांधी की संसद सदस्यता जाने के मामले पर जर्मनी के विदेश मंत्रालय ने बयान दिया है। जिस पर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने खुशी जाहिर की है और जर्मनी के विदेश मंत्रालय को धन्यवाद कहा है। हालांकि इसे लेकर राजनीति शुरू हो गई है और केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने ट्वीट कर कहा है कि भारत किसी भी आंतरिक मामले पर विदेशी दखल को बर्दाश्त नहीं करेगा। दिग्विजय सिंह ट्वीट करते हुए लिखा कि 'धन्यवाद, जर्मनी विदेश मंत्रालय और रिचर्ड वॉकर, जिन्होंने इस पर ध्यान दिया कि किस तरह से राहुल गांधी को निशाना बनाने के लिए लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है।' दिग्विजय सिंह के इस ट्वीट पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने तुरंत पलटवार किया है। किरेन रिजिजू ने दिग्विजय सिंह के ट्वीट के जवाब में लिखा कि 'विदेशी ताकतों को भारत के अंदरूनी मामलों में दखल देने के लिए आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद राहुल गांधी। याद रखें, भारतीय न्यायपालिका विदेशी

दखल से प्रभावित नहीं हो सकती। भारत अब विदेशी ताकतों के दखल को बर्दाश्त नहीं करेगा क्योंकि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं।'

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी दिग्विजय सिंह के ट्वीट का जवाब देते हुए ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने चीन का मामला उठा दिया। निर्मला सीतारमण ने लिखा कि 'साफ है कि कांग्रेस हमारे आंतरिक मामलों में विदेशी दखल चाहती है। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के साथ अपारदर्शी एमओयू पर हस्ताक्षर करना हो या फिर विदेश में चर्चा के दौरान सरकार बदलने के लिए विदेशी मदद की मांग। अब कोई और सबूत भी चाहिए? जब मदद आ जाए तब धन्यवाद कहिएगा।' राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द होने के बाद इस मुद्दे पर देश में राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है। अब जर्मनी के विदेश मंत्रालय ने भी इस पर बयान दिया है। जर्मनी के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने राहुल गांधी मामले पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि 'हम उम्मीद कर रहे हैं कि राहुल गांधी के मामले में न्यायिक स्वतंत्रता के मानक और मौलिक लोकतांत्रिक सिद्धांत लागू होंगे।'

## इंतजार खत्म, हाईवे पर शुरू हुआ पुल का निर्माण, कई धार्मिक स्थल हटवाए गए

बदायूं। जिले में गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण धरातल पर दिखाई देने लगा है। मुरादाबाद-फरुर्खाबाद हाईवे के निकट पुल का निर्माण शुरू कर दिया गया है। पिलर बनाकर सड़क को ऊंचा बनाया जा रहा है। बिसौली से लेकर दातागंज तहसील क्षेत्र तक 92 किमी तक निमार्णाधीन हाईवे के मार्ग में आने वाले धार्मिक स्थल, स्कूलों को हटवाने का सिलसिला अब भी चल रहा है। बिसौली और बिल्सी तहसील क्षेत्र में कार्रवाई हो चुकी है, लेकिन दातागंज क्षेत्र में अब भी काम बामुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने के लिए शुरूआत तो पिछली साल ही हो गई थी। किसानों की जमीन का तेजी से बैनामा कराने के बाद अदाणी समूह के इंजीनियरों ने भी तेजी दिखाई और काम शुरू हो गया। पिछली साल गेहूं की कटाई शुरू होने पर ही काम की शुरूआत हुई थी, तब जगह-जगह अवरोध आते रहे, लेकिन जिला प्रशासन ने दोबारा पैमाइश कराकर निपटारा कराया। अब काम ने गति पकड़ ली है। वनकोटा गांव के पास पुल का निर्माण कराया जा रहा है। पिलर ऊंचे उठने लगे हैं। आसपास आवागमन बेरीकेडिंग कराकर आवागमन को डायवर्ट किया गया है। मार्ग में आ रहे कई धार्मिक स्थल और पोल हटवाए जा चुके हैं। 8000 से अधिक पेड़ कटवाए जा चुके हैं, लेकिन अब भी मार्ग में कुछ जगह अवरोध बना हुआ है। दावा किया जा रहा है कि जल्द ही अवशेष अवरोध दूर करा दिए जाएंगे। दातागंज तहसील क्षेत्र के ग्राम आजमपुर बिसौरिया के अधिवक्ता मृदुल सहाय ने डीएम से शिकायत की है कि उनके खेत में मशीनें लगाकर गंगा एक्सप्रेस-वे के लिए मिट्टी निकाली जा रही है। उन्होंने लेखपाल और ठेकेदार की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि तालाब से प्रधान की अनुमति के बिना मशीन लगाकर मिट्टी की खोदाई कराई जा रही है।

## राहुल गांधी के बयान पर ललित मोदी की धमकी, बोले- ब्रिटिश कोर्ट तक जाऊंगा

नई दिल्ली। आईपीएल के संस्थापक ललित मोदी ने गुरुवार को राहुल गांधी पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस नेता को उनके 'मोदी सरनेम' वाले बयान और भगोड़ा कहे जाने को लेकर ब्रिटिश कोर्ट में जाएंगे। राहुल गांधी ने 2019 में राफेल सौदे को लेकर पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए 59,000 करोड़ रुपये के सौदे में गड़बड़ी का आरोप लगाया और 'मोदी सरनेम' को लेकर आपत्तिजनक बात कही थी। कर्नाटक के कोलार में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा था, "कैसे सभी चोरों का एक ही सरनेम मोदी है।" सूरत कोर्ट ने इस मामले में राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाई है। इसके बाद उन्हें लोकसभा के सांसद के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया है।

ललित मोदी ने इस मामले में एक के बाद एक कई ट्वीट किए। उन्होंने लिखा कि किस आधार पर उन्हें "भगोड़ा" कहा जा रहा है और कहा कि उन्हें कभी भी दोषी नहीं ठहराया गया है और इसलिए वह एक सामान्य नागरिक हैं। इसके अलावा, उन्होंने विपक्षी नेताओं को फटकार लगाई और प्रतिशोध का आरोप लगाया। ललित ने लिखा "मैं टॉम डिक और गांधी के लगभग हर सहयोगी को बार-बार यह कहते हुए देखता हूं कि मैं भगोड़ा हूं। क्यों? कैसे? और मुझे आज तक कब दोषी ठहराया गया था? पप्पू उर्फ राहुल गांधी के विपरीत, मैं अब एक सामान्य नागरिक यह कह रहा हूं।"

ऐसा लगता है कि सभी विपक्षी नेताओं के पास करने के लिए और कुछ नहीं है, इसलिए वे भी या तो गलत जानकारी रखते हैं या सिर्फ बदले की भावना रखते हैं।" ललित मोदी ने कहा, "मैंने राहुल गांधी को तुरंत यूके में अदालत में ले जाने का फैसला किया है। मुझे यकीन है कि उन्हें कुछ ठोस सबूतों के साथ आना होगा। मैं उन्हें खुद को पूरी तरह से मूर्ख बनते देखने के लिए उत्सुक हूं।" कई कांग्रेसी नेताओं को टैग करते हुए और आरोप लगाते हुए कि ये सभी संपत्तियों की निगरानी करते हैं, ललित मोदी ने एक अन्य ट्वीट में कहा, "मैं पता और फोटो आदि भेज सकता हूं। भारत के लोगों को मूर्ख मत बनाओ, जो असली बदमाश हैं। गांधी परिवार ने इसे ऐसा बना दिया है जैसे वे हमारे देश पर शासन करने के हकदार हैं। हां, जैसे ही आप कड़े उत्तरदायी कानून पारित करेंगे, मैं वापस आ जाऊंगा।"

आज तक एक पैसा भी साबित नहीं हुआ है कि मैंने पिछले 15 सालों में लिया। लेकिन जो स्पष्ट रूप से सिद्ध हो गया है वह यह है कि मैंने इस दुनिया में सबसे बड़ी खेल लीग बनाई है जिसने करीब 100 अरब डॉलर कमाए हैं। कांग्रेस के एक भी नेता को यह नहीं भूलना चाहिए कि मोदी परिवार ने 1950 के दशक की शुरूआत से उनके लिए और हमारे देश के लिए इतना कुछ किया है जिसकी वे कभी कल्पना भी नहीं कर सकते। मैंने भी, जितना वे सपने में भी नहीं सोच सकते, उससे कहीं अधिक किया है।

## अमेरिका में ट्रेनिंग के दौरान सेना के दो हेलीकॉप्टर टकराए, कई लोगों की मौत की आशंका

नई दिल्ली। अमेरिका में सेना की ट्रेनिंग के दौरान दो अत्याधुनिक लड़ाकू हेलीकॉप्टर ब्लैक हॉक दुर्घटनाग्रस्त हो गए हैं। इसमें कई लोगों की मौत की आशंका है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये हेलीकॉप्टर केंटकी में उड़ रहे थे, इसी दौरान दोनों आपस में टकरा गए। ब्लैक हॉक फ्रंट लाइन यूटिलिटी हेलीकॉप्टर है, जिसे अमेरिका ने वियतनाम युद्ध के बाद तैयार किया। दुनियाभर में अमेरिका के कई मित्र देशों की स्पेशल फोर्सेस इस तरह के हेलीकॉप्टर इस्तेमाल करती हैं। ये हेलीकॉप्टर खास मिशन को अंजाम देने में कारगर माने गए हैं, क्योंकि इनकी स्पीड तेज होती है और इनमें तकनीक चीजें भी अधिक होती हैं। केंटुकी के गवर्नर ने गुरुवार को कहा कि बुधवार देर रात राज्य में एक नियमित प्रशिक्षण मिशन के दौरान ये हादसा हुआ। गवर्नर एंडी बेशियर ने ट्विटर पर एक पोस्ट में कहा, 'हमें फोर्ट कैंपबेल से कुछ कठिन खबरें मिली हैं। एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना की खबर है। इसके घातक परिणाम होने की उम्मीद है। स्थानीय अधिकारी और आपातकालीन सेवाएं रेस्क्यू काम में जुटी हैं।'

## संपादकीय

# तकनीक का सहारा

तकनीकी विस्तार के इस दौर में सूचनाएं और जानकारियां जुटाने के मामले में किसी आग्रह या जिद वश पारंपरिक स्रोतों पर निर्भर रहना स्वाभाविक ही कुछ लोगों को खटक सकता है। ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में यह तकनीकी क्रांति का दौर है। सूचनाएं और जानकारियां पलक झपकते हाजिर हो जाती हैं। जिन चीजों के लिए घंटों या कई दिन पुस्तकालयों, संग्रहालयों आदि की खाक छाननी पड़ती थी, अब वे अंगुली के एक इशारे पर मिल जाती हैं। ऐसे में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने एक मामले में राय बनाने के लिए अत्याधुनिक तकनीक के रूप में इस्तेमाल हो रही कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग किया, तो हैरानी की बात नहीं। दरअसल, एक हत्या के मामले में जमानत की याचिका पर न्यायालय विचार-विमर्श कर रहा था। इसी सिलसिले में उसने जानने की कोशिश की कि दुनिया भर के न्यायशास्त्र इस बारे में क्या कहते हैं। अदालत को वही तथ्य हासिल हुए, जो अपने यहां के न्याशास्त्र में हैं। यानी जघन्यतम हत्या के मामले में उसकी प्रकृति का अध्ययन करने के बाद ही सजा या जमानत पर विचार किया जा सकता है। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने संबंधित मामले में निर्णय तक पहुंचने के लिए बहुत साफगोई से स्वीकार किया कि उसने कृत्रिम बुद्धिमत्ता का सहयोग लिया है, मगर उसने यह भी स्पष्ट कर दिया कि निचली अदालतों को इसे नजीर के रूप में नहीं लेना चाहिए। दरअसल, तकनीकी संसाधनों की अपनी सीमाएं हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग पर बेशक आज बहुत बल दिया जा रहा है और इसे एक अनुपम उपलब्धि के तौर पर रेखांकित किया जा रहा है, मगर हकीकत यही है कि वह कभी भी नैसर्गिक मानवीय मेधा का विकल्प नहीं हो सकती। जहां भी निर्णय लेने की जरूरत है, कृत्रिम मेधा पर निर्भर नहीं रहा जा सकता। इस दृष्टि से पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के ताजा मामले में लिए गए निर्णय को एक संदेश के रूप में देखा जाना चाहिए। कुछ दिनों पहले सर्वोच्च न्यायालय ने भी तमाम अदालतों को निर्देश दिया था कि वे कानूनी मसलों में विकिपीडिया जैसे मंचों पर निर्भर न रहें। न्यायिक प्रविधियां प्रामाणिक पुस्तकों से ही सिद्ध हो सकती हैं। ऐसा उसने इसलिए कहा था कि सूचना के तमाम मंच विकसित तो हो गए हैं, मगर उनमें सूचनाएं और जानकारियां अक्सर भ्रामक दी गई हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाले यंत्र भी चूंकि तमाम सूचनाएं उन्हीं मंचों को खंगालने के बाद प्रस्तुत करते हैं, इसलिए उन्हें बहुत भरोसेमंद नहीं माना जा सकता। बहुत सारे मामलों में तकनीकी संसाधनों के उपयोग से अदालतों के कामकाज में बहुत तेजी आई है। तमाम फैसलों को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने और सार्वजनिक उपयोग के लिए उपलब्ध कराने में मदद मिली है। अनेक ऐसी वेबसाइटें और पोर्टल हैं, जिन पर न्यायिक गतिविधियों की जानकारी उपलब्ध कराई जाती हैं। उन पर अदालतों के फैसले उपलब्ध हैं। उनकी मदद लेने में कोई हर्ज नहीं। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसलों को अंग्रेजी के साथ हिंदी में भी उपलब्ध कराने का निर्णय किया, तो उनके अनुवाद के लिए तकनीकी अनुवादक की मदद ली जा रही है। ऐसे अनेक काम तकनीकी संसाधनों की मदद से किए जा रहे हैं। मगर जहां सांविधानिक प्रावधानों या किन्हीं विशेष स्थितियों में राय बनाने की जरूरत पड़ती है, वहां तकनीकी संसाधनों पर भरोसा करना खतरे से खाली नहीं माना जा सकता। इसीलिए पहले सर्वोच्च न्यायालय और अब पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने तकनीकी सुविधाओं की सीमाएं रेखांकित की हैं।

## जानकारी उनके पास!

जाएंगे अब कोर्ट वो ।
बैठे हैं विदेश ।।
जानकारी उनके पास ।
पड़ा कितना शेष ।।
है संपत्ति भारी ।
कहें तो हम भिजवाएं ।।
कागजात – पेपर ।
बोले तो दिखाएं ।।
कहां से आया विवरण ?
बड़ा है सवाल ।।
बात पर अधिकारों की ।
है सुनना हर हाल ।।
धूमचौकड़ी शुरू हुई ।
हैं सारे महान ।।
अपने अपने लोगों का ।
है जारी यशगान ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# सुरक्षा कानून और असुरक्षित उपभोक्ता

इस कानून के अंतर्गत मिले अधिकारों के परिप्रेक्ष्य में अगर हम आम उपभोक्ता की स्थिति जानने का प्रयास करें, तो लगेगा कि अधिकतर मामलों में उपभोक्ता के अधिकारों का हनन ही होता है। व्यवसाय और उद्योग जगत, सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों और संस्थाओं द्वारा नित नए तरीके से उपभोक्ताओं के शोषण का रास्ता निकाला जाता है। व्यावसायिक जगत में यह मान्यता प्रचलित है कि उपभोक्ता बादशाह होता है। मगर आज के दौर में वह कितना बड़ा और प्रभावी बादशाह रह गया है, यह विचारणीय सवाल है। प्रत्येक व्यक्ति, जो मूल्य देकर किसी वस्तु या सेवा का क्रय करता है, वह उपभोक्ता है, चाहे उसकी आयु, लिंग, व्यवसाय, समुदाय तथा धार्मिक विचारधारा कुछ भी हो।

उपभोक्ता के अधिकारों के सरंक्षण हेतु संयुक्त राष्ट्र की भावना के अनुरूप बहुत से देशों में उपभोक्ता संरक्षण कानून बनाए गए हैं। भारत में भी 1986 में पहली बार उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा के लिए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम लागू किया गया। इससे पहले उपभोक्ताओं को किसी एक कानून के अंतर्गत सुरक्षा नहीं मिलती थी। इस अधिनियम के अंतर्गत उपभोक्ताओं हितों की सुरक्षा की दृष्टि से पहली बार उनके कुछ मूलभूत अधिकार शामिल किए गए। वर्ष 2019 में नए व्यावसायिक परिवेश को देखते हुए 1986 के कानून में व्यापक परिवर्तन करते हुए उसके स्थान पर एक नया उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 लागू किया गया। यह 20 जुलाई, 2020 से लागू है। वर्ष 1986 में जब पहली बार उपभोक्ता कानून लागू किया गया था, तब उपभोक्ताओं को शोषण से मुक्त कराने के मकसद से उपभोक्ता अधिकारों को सुदृढ़ किया गया था। नए कानून में भी उपभोक्ता के अधिकारों का दायरा बढ़ाते हुए जो अधिकार शामिल किए गए, उनमें (क) ऐसे माल, उत्पाद या सेवाएं, जो व्यक्ति के जीवन और संपत्ति के लिए हानिकारक हैं, उनके विपणन के विरुद्ध सरंक्षण पाने का अधिकार (ख) माल उत्पाद या सेवाओं की गुणवत्ता, मात्रा, शक्ति, शुद्धता, मानक और कीमत के विषय में सूचना प्राप्त करने का अधिकार (ग) उपभोक्ता को विक्रय किए जाने का विभिन्न प्रकार के माल, उत्पादों या सेवाओं तक प्रतिस्पर्धी कीमतों पर पहुंच का अधिकार (घ) अगर माल, उत्पाद या सेवा में किसी प्रकार की त्रुटी या कमी है तो उसकी शिकायत सुने जाने और उपयुक्त मंच पर उसकी शिकायत का समाधान पाने के अधिकार को संरक्षित किया गया। (च) अगर व्यवसायी द्वारा अनुचित व्यापार व्यवहार से उपभोक्ताओं का अनैतिक शोषण किया जाता है, तो उसके विरुद्ध समुचित उपचार प्राप्त करने का अधिकार और (छ) उपभोक्ता शिक्षा और जागरूकता से जुड़े अधिकार प्रमुख हैं।

इस कानून के अंतर्गत मिले अधिकारों के परिप्रेक्ष्य में अगर हम आम उपभोक्ता की स्थिति जानने का प्रयास करें, तो लगेगा कि अधिकतर मामलों में उपभोक्ता के अधिकारों का हनन ही होता है। व्यवसाय और उद्योग जगत, सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों और संस्थाओं द्वारा नित नए तरीके से उपभोक्ताओं के शोषण का रास्ता निकाला जाता है। ई-कामर्स कंपनियां, जो आनलाइन विक्रय का काम करती हैं, वे इस कानून की अस्पष्टता का भरपूर लाभ उठाते हुए उपभोक्ताओं को लूटने की कोशिश करती हैं। इन कंपनियों द्वारा विज्ञापन में दिखाया गया माल नहीं भेजना, नकली माल देना, ज्यादा पैसे वसूल करना, पैसा वापसी की गारंटी होने के बावजूद माल वापस लौटाने पर भुगतान की गई राशि को वापस न लौटाना, पुराना और टूटा-फूटा माल भेजना, तकनीकी खामियों वाला माल भेजना जैसी शिकायतें आम हैं। ऐसे अनेक उदाहरण मौजूद हैं। आजकल आनलाइन गेम्स के बहुत से ऐप्प आ गए हैं, बड़ी-बड़ी नामचीन हस्तियां इनका विज्ञापन भी करती हैं। इनके माध्यम से लोगों को जुए की लत लग रही है। कई बार ऐप्प के माध्यम से किए जाने वाले लेन-देन की सूचनाओं के आधार पर लोगों के बैंक खाते से रकम उड़ाने की खबरें भी आती रहती हैं। आनलाइन बिक्री करने वाले घुटनों के दर्द का रामबाण इलाज, कद बढ़ाने, यौन शक्ति बढ़ाने, विभिन्न तंत्र-मंत्र वाली अंगूठियों, लाकेट, विभिन्न राशि वाले नगों आदि के विज्ञापन भी देते रहते हैं। इनके आधार पर किए गए लेन-देन में ज्यादातर मामलों में उपभोक्ता ठगी का शिकार हो ही जाता है।

इनके अलावा भी उपभोक्ताओं की परेशानियां कम नहीं हैं। खाद्य पदार्थों में सेहत के लिए नुकसानदेह माने जाने वाले पदार्थ मिलाकर बेचना एक आम प्रवृत्ति बन चुकी है। दूध में से मलाई यानी ह्यफैटह्न निकाल लिया जाता है, जिससे उसकी गुणवत्ता पर विपरीत असर पड़ता है। वस्तुओं की पैकिंग पर दी गई जानकारी से अलग सामग्री पैकेट के भीतर रखना, बिक्री के बाद गारंटी और वारंटी के अनुरूप समुचित सेवाएं न देना, अनुचित रूप से दोषयुक्त वस्तुओं की आपूर्ति करना, सही कीमत की जानकारी न देकर शर्तें लागू जैसी बातें लिख कर सुविधाएं सीमित करना या उनसे बचना, वस्तुओं के वजन और माप-तोल में झूठे या निम्न स्तर के साधन इस्तेमाल करना आदि बातें आम हैं। कहने को तो उपयुक्त मंचों पर उपभोक्ता को शिकायत करने और उसका समाधान पाने का अधिकार है, लेकिन ये मंच भी न्यायालयों की तरह कार्य करते हैं। इनमें भी गवाह, सबूत आदि की प्रक्रिया चलती रहती है। महीनों, सालों तक लंबी कार्यवाही चलती है, उसके बाद भी न्याय मिले, इस बात की गारंटी नहीं होती। हालांकि इन मंचों पर उपभोक्ता अपनी पैरवी खुद कर सकता है, लेकिन आम उपभोक्ता को न तो कानून की जानकारी होती है और न ही अपनी पैरवी के लिए अदालतों के चक्कर लगाने का समय होता है। मंचों पर पैरवी के लिए वकील आदि की सेवाएं लेने पर कई बार वकीलों की फीस और अन्य खर्च वस्तु की कीमत से ज्यादा हो जाता है। ग्राहक सामान्यतया वस्तु खरीदते समय रसीद नहीं लेता, अगर मांगता भी है तो विक्रेता द्वारा देने में आनाकानी की जाती है। कर जोड़ने का भय दिखाया जाता है। रसीद न होने की दशा में उपभोक्ता चाह कर भी मंच के माध्यम से अपने शोषण के विरुद्ध उपचार प्राप्त नहीं कर सकता। अधिनियम में उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार भी है, लेकिन सरकार द्वारा आम उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने के प्रयास नगण्य ही हैं। उपभोक्ता की जागरूकता के लिए किए जाने वाले आयोजन, मसलन उपभोक्ता दिवस, उपभोक्ता अधिकार दिवस आदि, भी मनाने की औपचारिकता मात्र बन कर रह जाते हैं।

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम में उपभोक्ता के अधिकारों के साथ-साथ कुछ दायित्व भी निर्धारित हैं। पहला है, वह खुद भी अपनी सहायता करे। आशय यही है कि वह जब भी किसी वस्तु या सेवा का क्रय करे, तब वह स्वयं ही उसके मूल्य, भार, ब्रांड, गुणवत्ता, उत्पाद में शामिल घटक, गारंटी, वारंटी आदि की शर्तों की अच्छी तरह से जानकारी प्राप्त कर ले। किसी विश्वसनीय निमार्ता या विक्रेता से ही क्रय करे। जो भी उत्पाद या सेवा वह प्राप्त कर रहा है, उसके क्रय का प्रमाण रसीद, गारंटी, वारंटी कार्ड अदि के रूप में जरूर प्राप्त कर ले। विक्रेता के टालने या टैक्स लगने के भय से रसीद अदि लेने में लापरवाही न करे, क्योंकि कानून के अंतर्गत उपचार प्राप्त करने की सबसे पहली आवश्यकता प्रमाण ही है।

# भारतीय संस्कृति के प्रतिमान हैं श्रीराम

लोकजीवन का राग श्रीराम से युक्त है। श्रीराम का आचरण व संस्कार सनातन से लोगों का जीवन प्रकाशित करता रहा है। राम नाम के रस में ही भारत की सभी विधाएं संपृक्त है। भारतीय लोककाव्य व लोक आचरण राम कथा से प्रवाहित है। राम कथा की दृष्टि में मानव जीवन के समग्र विकास का संदेश निहित है।

राम के जीवन की कथा में भारत की भौगोलिक एकता ध्वनित होती है तथा इस देश की सभी प्रमुख भाषाओं में राम के जीवन को रचा बसा गया,जिनके प्रचार-प्रसार के कारण भारतीय संस्कृति की एकरूपता बढ़ी है। राम के जीवन की यह कथा इतनी प्रेरक रही कि समूचा देश एक ही आदर्श की ओर उन्मुख रहा और भारत सहित सुवर्णदेश, सिंहल, तिब्बत, वर्मा और कश्मीर आदि क्षेत्रों में प्रचलित राम काव्यों को यदि समाहित कर दे, तो यह दर्शित होता है कि राम कथा एशियाई संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग है।

भारतीय संस्कृति में राम उन मूल्यों के प्रतिमान है जिन आदर्शो ने भारत के लोकमानस की आचरण व मानसिकता को रचा बसा है। वे मयार्दा पुरूषोत्तम राम कहे जाते है अर्थात मनुष्य के गुणो की मयार्दा का अपने कृतित्व में अनुपालन करने वाले सर्वश्रेष्ठ व्यक्तित्व है। राम के चरित्र में-एक पुत्र, भाई, पिता, पति, शिष्य, अयोध्या नरेश आदि भूमिकाओं में उन्होंने सर्वश्रेष्ठ पदीय आदर्शो का पालन किया है। राम और सीता का प्रेम अद्वितीय है। यही समपर्ण से भरपूर प्रेम हमारी संस्कृति का एक ऐसा मूल्य है जो आज भी पति और पत्नी को एकात्म रखता है। राम के जीवन दर्शन का सबसे बड़ी विशेषता उनका लोकोन्मुख होना है। राम के सम्पूर्ण जीवन दर्शन यात्रा का उद्देश्य लोक मंगल के लिए एक आदर्श प्रतिमान खड़ा करना है।

वाल्मीकि रचित रामायण,राम कथा का सर्वाधिक प्राचीन ग्रन्थ है। इसी आदि ग्रन्थ पर तुलसीदास की रामचरितमानस आधारित है। दक्षिण पूर्व एशिया विशेषकर अंगकोरवाट के मन्दिर सहित रामायण के प्रसंगो का अंकन व उत्कीर्णन है। दक्षिण भारत के मन्दिरों की संरणि हो या उत्तर भारत के विशाल क्षेत्र में फैले हुए मन्दिरों में राम कथा के विभिन्न प्रसंगो का अंकन दृग्दर्शित होता है। प्राचीन भारतीय मृण्मूर्ति कला में भी रामायण के प्रसंगो को समाहित किया गया है। गुप्त कालीन कानपुर के भीतर गॉव के ईट मन्दिर में भी टेराकोटा की राम व लक्ष्मण की वनवासी रूप मुद्रा को दशार्या गया है। दोनो के हाथों में धनुष बाण लिए हुए है। गुप्त कालीन वास्तुकला का सर्वोत्कृष्ट रचना ललितपुर देवगढ़ के दशावतार मन्दिर एवं चालुक्यों के पट्टदकल, हम्पी, एलोरा के कैलाश मन्दिर पर भी राम कथा का प्रसंग जीवंत है। राम और उनकी जीवन यात्रा के विविध रूपों का अंकन पाषाण धातु, हाथीदॉत एवं अनेक शिल्प कलाओं में निहित है। भारतीय चित्र कला में भी रामायण के विविध रूपक को संजोया गया है। पहाड़ों में कॉगड़ा, बसोहली, चम्बा, मण्डी, नूरपुर और बिलासपुर पहाड़ी शैलियों के प्रमुख केन्द्रों में रामायण प्रसंग के चित्रों का अंकन है। वैदिक वांगमयो, रामायण, महाभारत, बौद्ध व जैन, लौकिक व अलौकिक साहित्यों में भी राम कथा का मिलता है। वैदेशिक साहित्यों में खोतान, काशगर, मध्यएशिया, चीन सहित दक्षिण पूर्व एशिया में राम कथा के विभिन्न रूपको का अंकन मिलता है। भारत के आंचलिक सभी लोक भाषाओं-भोजपुरी, बघेली, तमिल, तेलगु, छत्तीसगढ़ी, असमिया, उड़िया, बंगला, मराठी, गुजराती, राजस्थानी, देववाणी सहित लगभग 22 भाषाओं के साहित्य में राम कथा का अंकन है। आदिवासी जनजीवन व साहित्य में राम कथा का आदर्श वर्णन है। जनजाति जीवन आचरण में राम के वनवासी जीवन की सदृष्यता है। राम कथा का लोक विस्तार सार्वभौमिक व सनातन है। राष्ट्र की एकता हेतु भी राम का आदर्श दर्पण है। छत्तीसगढ़ के वास्तु कला में माता कौशल्या का मन्दिर विशिष्ट है। रामलीला के मंचन में कलाकारों व दर्शको का ऐसा सम्मोहन होता है जैसे प्रतीत होता है,कि रामराज्य है। राम समग्रता के परिचायक है वे लोक कल्याण के लिए समर्पित व प्रतिबद्ध है। तुलसी के राम युगो-युगो से आदर्श रहे और लोक जीवन में इतने घुले मिले है कि राम के बिना हम अपने अस्तित्व व आधार की कल्पना भी नही कर सकते। भारत का राग-रस-अनुराग,गीत संगीत सब राममय है। भारतीय जनमानस के विविध क्षेत्रों समाजिक,सांस्कृतिक, कला व साहित्य में अंकित राम कथा सदियों से सभी को प्रेरित व मार्गदर्शित करता रहा है। निःसंदेह राम कथा की उपादेयता व प्रासंगिकता सार्वभौमिक व सार्वकालिक जनमानस के सम्पूर्णता हेतु प्रेरक प्रसंग है।

**लेखक- डॉ0 पंकज कुमार**
**(पूर्व अतिथि प्रवक्ता इला.वि.वि)**
**ज़िला सूचना अधिकारी**
**भदोही, उत्तरप्रदेश**
**मो. : 9305821328**

# विदेशों में खालिस्तान समर्थकों के विरुद्ध सिखों का प्रदर्शन बहुत अच्छा कदम है

कुछ देशों में खालिस्तान के समर्थन में भारतीय दूतावास पर किए जा रहे प्रदर्शन का विरोध होने लगा है। अच्छा यह है कि खुद प्रदर्शन वाले देशों का सिख समाज इस आंदोलन के पीछे की कहानी जान गया है। यह जान गया है कि इस आंदोलन को बढ़ाने के पीछे पाकिस्तान की गुप्तचर संस्था आईएसआई का हाथ है। यही कारण है कि वहां का सिख समाज इन आंदोलनकारियों के विरोध में उतर आया। उसने उन्हीं जगह पर भारत के समर्थन और खालिस्तान के विरोध में प्रदर्शन किया, जहां खालिस्तान के समर्थन में प्रदर्शन हुए थे। लंदन में पिछले रविवार को भारतीय हाई कमीशन में तोड़फोड़ की घटना का विरोध सोमवार को नई दिल्ली में भी किया गया। नई दिल्ली में बड़ी तादाद में सिख ब्रिटिश हाई कमीशन के बाहर जुटे और खालिस्तानियों की हरकत का विरोध किया। उधर, अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में इंडियन कॉन्स्यूलेट पर हमला किया गया। इसका भी भारतीयों ने विरोध किया। नई दिल्ली में ब्रिटिश हाई कमीशन के बाहर सिखों ने खालिस्तानियों के खिलाफ बैनर-पोस्टर लहराए और नारेबाजी की। कहा- भारत हमारा स्वाभिमान है। इन सिखों के मुताबिक- तिरंगे का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसा ही सैन फ्रांसिस्को में हुआ। दोनों जगह खालिस्तान के समर्थन में आंदोलन करने वालां के विरुद्ध प्रदर्शन ही नहीं हुए।

# निरंतर बढ़ रही योगी की लोकप्रियता, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और विकास के बल पर यूपी में दिख रही बदलाव की बयार

उत्तर प्रदेश में वर्ष 2017 में प्रचंड मोदी लहर पर सवार होकर भाजपा सत्ता में आयी और योगी आदित्यनाथ प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। पार्टी और जनसामान्य की अपेक्षाओं पर खरे उतरते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न केवल अपना पहला कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा किया वरन पूर्ण बहुमत से दोबारा सत्ता में वापसी की और इसी माह अपने कार्यकाल के छह सफल वर्ष पूरे किए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता व उनके कार्यों की गूंज अब केवल प्रदेश में ही अपितु पूरे देश में सुनाई दे रही है और वो प्रदेश के अब तक के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री बन गये हैं।

प्रदेश में योगी सरकार के छह वर्ष पूर्ण होने के बाद सोशल मीडिया में यदि सबसे ज्यादा किसी नेता को सर्च किया गया है तो वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही हैं। योगी राज के दूसरे कार्यकाल का पहला वर्ष पूर्ण होने पर योगी जी को दक्षिण भारत में सबसे अधिक सर्च किया गया जिसमें सबसे अधिक लोगों ने तमिलनाडु में सर्च किया उसके बाद आंध्र प्रदेश, तेलंगाना व कर्नाटक का स्थान रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता में वृद्धि के कई कारण हैं जिसमें सबसे प्रमुख है प्रदेश में माफिया राज व गुंडों के खिलाफ होने वाली कार्यवाही जिसके कारण आज प्रदेश में अपराधी जहां कांप रहे हैं वहीं प्रदेश में सभी स्तरों व क्षेत्रों में विकास की धारा बह रही है।

प्रदेश के अपराधी व गुंडे स्वयं सीने में तख्ती लगाकर और पैदल चलकर थाने पहुंचकर आत्मसर्पण करना चाह रहे हैं वहीं बड़े-बड़े खूंखार माफिया जिन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि कोई उन्हें पकड़ कर जेल में डाल भी सकता है वो अपनी सुरक्षा की गुहार लगा रहे हैं और सुप्रीम अदालत में पहुंच रहे हैं। प्रदेश में जो माफिया विगत 30 वर्षों से प्रदेश में आतंक का वातावरण बनाकर रखे हुए थे और अपने राजनैतिक आकाओं के हितों की पूर्ति के लिए आपराधिक वारदातों को अंजाम देते थे अब उनके लिए हालात बदल चुके हैं। मुख्तार अंसारी से लेकर अतीक अहमद जैसे बड़े नामों के अलावा प्रदेश में छोटे माफिया पर भी कार्रवाई हो रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड के बाद विधानसभा में बयान दिया था कि "माफिया को मिट्टी में मिला देंगे" उसका असर जमीन पर भी दिखाई दे रहा है। माफिया जगत व अपराधियों पर बुलडोजर कार्रवाई में तेजी आ गई है। आज प्रदेश में अपराधी पस्त और पुलिस बलों को जोश हाई हो रहा है। योगीराज में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद व सनातन संस्कृति का प्रचार प्रसार हो रहा है और प्रदेश में सांस्कृतिक उत्सवों की बयार आ गई है। अपने दूसरे कार्यकाल का पहला

वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित पत्रकार वार्ता में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ह्लउपद्रवों के लिए नहीं, अब उत्सवों के लिए जाना जाता है प्रदेशह्व और उनकी यह बात अक्षरशः सत्य है। आस्था के सम्मान के साथ ही धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयासों का असर अब धरातल पर दिखने लगा है। सुप्रीम कोर्ट से अयोध्या विवाद का ऐतिहासिक अंत हो जाने के बाद अयोध्या में जहां भव्य और दिव्य राम मंदिर का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है और वहीं नव्य और दिव्य अयोध्या नगरी को विकसित किया जा रहा है उसी प्रकार काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का भव्य निर्माण हो जाने के बाद वहां पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ आ रही है। योगी सरकार में आस्था के केंद्रों का जिस प्रकार विकास हो रहा है उससे सनातन समाज में उल्लास, उत्साह और उमंग का वातावरण है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभी हाल ही में अयोध्या का भ्रमण किया और कहा कि अयोध्या विश्व की सुंदरता नगरी बनने जा रही है।

मिजार्पुर में प्रसिद्ध मां विंध्यवासिनी देवी मंदिर, मां अष्टभुजी देवी मंदिर का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। सीतापुर में नैमिषारण्य का भी विकास किया जा रहा है। प्रदेश में "एक जिला एक पर्यटन केंद्र" को ध्यान में रखते हुए धार्मिक स्थलों का विकास किया जा रहा है। योगी जी सभी आस्था के केंद्रों के विकास के लिए संकल्पवान हैं। स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काशी का 100 और अयोध्या का 50 बार दर्शन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ब्रज क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में भी प्रयत्नशील हैं। योगीराज में कांवड़ यात्रियों का पुष्पवर्षा के माध्यम से सम्मान किया जाना एक अनोखा कार्य था जिससे सभी सनातनी अभिभूत हो रहे हैं। प्रदेश में गोवंश की रक्षा करने के लिए कड़ा कानून आया है और गोवंश तस्करों पर कड़ी कार्रवाई हो रही है। धर्मांतरण रोकने के लिए कड़ा कानून बना जिसका असर समाज में दिखाई पड़ रहा है। अब लव जिहाद जैसे प्रसंगों पर भी कानून के दायरे में कड़ी कार्रवाई हो रही है। छह वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तक "छह साल-यूपी खुशहाल" का विमोचन किया और ह्लऊंची उड़ान-नई पहचानह्व पोस्टर का भी अनावरण किया है। पुस्तक और पोस्टर से पता चल रहा है कि प्रदेश में छह वर्षों में बड़े परिवर्तन हुए हैं। अभी तक प्रदेश में जाति, मत, मजहब, परिवारवाद के नाम पर जो राजनीति हो रही थी, प्रदेश सरकार उससे अलग हटकर ह्लसबका साथ सबका विकासह्व के सिद्धांत पर काम कर रही है और जिसका असर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। प्रदेश महिला सशक्तीकरण, स्वावलंबन और सम्मान के आदर्श को सामने रख कर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश का चतुर्दिक व बहुद्देशीय विकास हो रहा है। उत्तर प्रदेश अब देश की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अभी हाल ही में सबसे बड़ा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजित किया गया और जिसकी गूंज सात समुद्र पार भी दिखाई पड़ी थी। प्रदेश में विकास के एक्सप्रेस-वे पर काफी कार्य चल रहा है। आज प्रदेश का किसान खुशहाल है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत किया जा रहा है जिसमें 15 करोड़ लोगों के निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया गया तथा निराश्रित महिला वृद्धजन एवं दिव्यांगजन को 1000 रुपये की मासिक पेंशन दी जा रही है। प्रदेश की शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए लगातार अभिनव प्रयोग किये जा रहे हैं।

# निवर्तमान भाजपा विधायक व ब्लॉक प्रमुख ने कराया मां दुर्गा भजन कार्यक्रम का शुभारंभ

सिकन्दरपुर (बलिया)। संस्कृति अनुभाग उत्तर प्रदेश शासन के तत्वावधान में वुधवार को मुख्य बाजार स्थित मां दुर्गा मंदिर परिसर में चैत्र नवरात्रि व रामनवमी के शुभ अवसर पर मां दुर्गा भजन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निवर्तमान भाजपा विधायक संजय यादव व विशिष्ठ अतिथि ब्लॉक प्रमुख नवानगर केशव चौधरी रहें। कार्यक्रम के शुरूआती दौर में मुख्य अतिथि, विशिष्ठ अतिथि व नवागत उपजिलाधिकारी सिकन्दरपुर दीपशिखा सिंह नें संयुक्त रूप से मां दुर्गा मंदिर में विधि विधान के साथ पूजन अर्चन किया तथा सभी के सुख व समृद्धि हेतु कामना किया। पूजन के उपरांत अतिथियों ने संयुक्त रूप से वाद्ययंत्र पूजन कर शानदार भजन कार्यक्रम का आगाज कराया। विदित हो कि आज गुरुवार को नगरवासियों के सहयोग से मंदिर समिति द्वारा दोपहर 3 वजे से विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया हैं। भजन कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से नायब तहसीलदार रजनीश कुमार सिंह, नगर चेयरमैन रविन्द्र वर्मा, रितेश सिंह, अखिलेश कुमार यादव, अरुण सिंह, प्रदीप कुमार, अताउल खां, विजय जयसवाल, सत्येन्द्र राजभर, अशोक जायसवाल, संजय जायसवाल, डॉ उमेशचन्द, गणेश सोनी, प्रयाग चौहान, धुपचंद सोनी, पवन पाण्डेय, महेन्द्र प्रसाद, विशाल शर्मा, संजय शर्मा समेत दर्जनों लोग मौजूद रहें।

## दानगंज बाजार में रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई

प्रखर दानगंज वाराणसी। दानगंज बाजार में गुरुवार को चैत्र नवरात्रि के रामनवमी पर रामलला और ठाकुर जी की भव्य शोभायात्रा डीजे और गाजे बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। श्रीराम की शोभायात्रा में श्रीराम जी रथ पर सवार होकर पूरे बाजार में गाजे बाजे के साथ निकली गई। इस दौरान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान जी भी रथ पर सवार रहे। शोभायात्रा शाम करीब पांच बजे दानगंज बाजार के पोखरे से शुरू होकर पूरे बाजार में गाजे बाजे के साथ भ्रमण की। बाजार के बीच में भक्त श्री राम की आरती उतारते हुए उनकी पूजा-अर्चना किए। गाजे बाजे के साथ निकली श्री राम की शोभायात्रा जय श्री राम के नारे से गुंजायमान हो उठी। अंत में प्रसाद का वितरण भी किया गया। शोभायात्रा में दानगंज बाजार सहित आसपास के गांव से सैकड़ों गणमान्य लोग व राम भक्त शोभायात्रा में मौजूद रहे।

## किसान उत्पाद संगोष्ठी संपन्न

प्रखर गोरखपुर। विकासखंड पाली के ग्राम भेलउर आज बृहस्पतिवार को किसानों द्वारा ब्रह्म कृषि बायोएनर्जी फार्मर प्रोजेक्ट के बैनर तले किसान उत्पाद संगोष्ठी की गए जिसमें लोग भारी संख्या में मौजूद थे।ब्रह्म कृषि बायो एनर्जी के प्रमुख कार्यकर्ता आनंद प्रकाश अनिल कुमार देवांशु गुप्ता ने कहा कि आज भारत के पुराने एवं पौष्टिक फसलें लुप्त होती जा रही हैं इसे बचाने की जरूरत है।आज विदेशों में भारतीय खानपान को महत्व मिल रहा है और होटलों में महंगे दामों पर बेचे जा रहे हैं।सभा का संचालन कर रहे महेंद्र यादव ने कहा कि आज कोदो, सावा, मेडुवा, बाजरा की खेती करने मैं किसान दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। वैज्ञानिक एवं पौष्टिक दृष्टि से यह फसलें सभी के स्वास्थ्य के लिए बहुत उपयोगी है। उक्त अवसर पर राम दरस, रवि राज, जय सिंह यादव,राजेंद्र पाल, देवी नंदन भट्ट, शिवम सिंह, रामबरन सिंह, सूरज श्रीवास्तव, शिवनारायण यादव, खदेरू पाल, रोहित पाल, अजय शुक्ला,अभिषेक दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

## अपर जिला सूचना अधिकारी ने कन्याओं का पैर धोकर किया कन्या पूजन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नौ दिन के व्रत उपासना के उपरान्त चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि को रीवर बैंक कालोनी में अपर जिला सूचना अधिकारी राकेश कुमार एवं उनकी धर्म पत्नी ममता देवी ने 9 कन्याओं का कन्या पूजन पैर धोकर किया गया। कन्या पूजन के दौरान कन्याओ को भोजन कराया गया तथा कन्याओं को दक्षिणा स्वरूप भेट दिया गया। इसके साथ ही साथ प्रत्येक कन्या को फल, मिष्ठान, चुनरी आदि का वितरण किया गया और सभी कन्याओं से आर्शिवाद प्राप्त किया।

## पीड़ित परिवार को सपा विधायक कमलाकांत राजभर ने दी आर्थिक सहायता

प्रखर गंभीरपुर /आजमगढ़। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के खराटी गांव में एक सप्ताह पूर्व बिजली के तार की स्पार्किंग से 4 परिवार में हुई आगजनी पर दीदारगंज विधानसभा के विधायक कमलाकांत राजभर उर्फ पप्पू ने पहुंचकर पीड़ित परिवार को ढाँढस बधाया और आर्थिक मदद की साथ ही साथ उप जिलाधिकारी निजामाबाद से शासन द्वारा मिलने वाली सुविधा को लाभ दिलाने के लिए बात कही । बताते चलें कि 23 मार्च को खराडी गांव में शॉर्ट सर्किट से रिहायशी मडई में आग लग गई मड़ई में रखा गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो गया आग विकराल रूप ले ली किसी तरह ग्रामीण आग पर काबू पाए तब तक 5 बकरी व 5 बकरी के बच्चे के जलकर मृत्यु हो गई ।इसकी सूचना जब दीदारगंज विधायक कमलाकांत राजभर को लगी तो एक मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से बात कर हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। विधानसभा दीदारगंज अध्यक्ष रामाश्रय चौहान ने पीड़ित परिवार को आस्वस्त करते हुए कहा कि जो भी नुकसान हुआ है उसको संबंधित अधिकारी से बात करके हर संभव मदद कराई जाएगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से दीदारगंज विधानसभा अध्यक्ष रामाश्रय चौहान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामनयन यादव, त्रिभुवन बिंद, हौसला चौहान, बृजेश यादव, आकाश यादव, वकील चौहान समेत अन्य लोग उपस्थित रहें।

## शाकाहार और सदाचार अपनाने तथा नशा मुक्ति के लिए निकाली बाइक रैली

प्रखर केराकत जौनपुर। बाबा जयगुरुदेव के उत्तराधिकारी उमाकांत जी महराज के निर्देश पर उनके अनुयायियों ने गुरुवार को केराकत तहसील क्षेत्र के विभिन्न बाजारों में बाइक रैली निकाली। इस दौरान उन्होंने जगह जगह रुक कर लोगों को शाकाहार और सदाचार अपनाने तथा नशामुक्त रहने की सीख दी। बाइक रैली मोढ़ेला से शुरू हुई और थानागद्दी, जलालपुर, धमार्पुर के रास्ते से गौराबादशाहपुर, मुफ़्तीगंज और केराकत होते हुए अकबरपुर गांव में हुबराज सिंह के घर पर पहुंचकर समाप्त हो गई। रैली में शामिल उमाशंकर जी महराज के अनुयायी एक रंग का गमछा टोपी लगाकर चल रहे थे। रैली में संजय सिंह, शोभनाथ मौर्या, हरिलाल राजभर, अनिल पाण्डेय, सुदामा पाण्डेय, सभाजीत यादव, प्रदीप सिंह, सेचई राम, हरिहर यादव आदि लोग शामिल रहे। रैली का नेतृत्व संतोष कुमार सिंह और सुनील दत्त सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

## सिंधोरा में रामलला की भव्य शोभायात्रा

प्रखर पिंडरा वाराणसी। सिंधोरा बाजार में गुरुवार को रामनवमी पर रामलला और ठाकुर जी की भव्य शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। नव युवक दुर्गा पूजा समिति के बैनर तले निकले शोभायात्रा में पालकी पर रामलला के साथ ठाकुर जी भी शामिल रहे। इस दौरान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान जी भी रथ पर सवार रहे। शोभायात्रा अपराह्न में रामलीला मैदान से निकली जो पानी टँकी, सिंधोरा चौराहा व राम बाबा इंटर कालेज होते हुए माँ दुर्गा मन्दिर पर जाकर समाप्त हुई। अंत में प्रसाद का वितरण किया गया। शोभायात्रा में ग्राम प्रधान सुरजीत मौर्य, गुड्डू सिंह, विनोद जायसवाल, राजेश सिंह, राजेश साहू, रोहित बरनवाल, पंकज जायसवाल व शशिकांत जायसवाल शामिल हुए।

## जमानिया विधानसभा क्षेत्र में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। रामनवमी के अवसर पर आज 30 मार्च को जमानिया विधानसभा में निकाली गई। भव्य शोभायात्रा जमानिया विधानसभा के मूवी छक्का बन बांध से जमानिया बाजार होते हुए बड़ेसर होते हुए भटौली होते हुए गांधी चौक जमानिया स्टेशन जमानिया बाजार बरुईन गांव मैं काली मां के मंदिर पर खत्म हुई। इस अवसर पर करणी सेना जिलाध्यक्ष ने कहा की योगी आदित्यनाथ महाराज और माननीय एमएलसी विशाल सिंह चंचल जी के नेतृत्व में आज उत्तर प्रदेश और गाजीपुर सुख समृद्धि और शांति की ओर अग्रसर है, हम किसी को छेड़ते नहीं लेकिन हमारे देश मे रह कर हमसे ही गद्दारी करे तो हम छोड़ते भी नहीं। हमे गर्व है की हम हिन्दु है और श्री राम के वंशज हैं। करणी सेना , राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, क्षत्रिय महासभा आदि के तत्वधान में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई इस अवसर पर सुभाष सिंह, राजकुमार सिंह, अविनाश सिंह ,पंकज सिंह , भानु सिंह, नवीन सिंह, पंकज सिंह वकील , संटू सिंह, सनी सिंह , शुभम सिंह, रोहित सिंह , शिवम सिंह , दीपू सिंह , छोटू सिंह , विक्रम सिंह , विक्की सिंह, सूर्यांश सिंह, दिव्यांश सिंह , सौरभ सिंह, सुमित सिंह, अमित सिंह, सुमित सिंह मोनू, रिशु सिंह, गोलू सिंह , लव सिंह , कुश सिंह, सोनू सिंह, चंद्रशेखर सिंह, विकाश सिंह, ब्रिजेश सिंह मंटू आदि हजारों की संख्या में युवा उपस्थित रहे।

## एक से 30 अप्रैल तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

बलिया। जिले में बुखार के साथ ही खांसी और सांस लेने तकलीफ, दिमागी बुखार वाले मरीजों की पहचान और दिमागी बुखार पर नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण माह और 17 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाएगा। इसको लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को द्वितीय जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर यह महत्वपूर्ण अभियान चलाया जायेगा, जिसमें हर विभाग का सहयोग अति महत्वपूर्ण है` इस अभियान को सफल बनाने में हर विभाग अपना सहयोग प्रदान करें, जिससे संचारी रोगों पर नियंत्रण पाया जा सके। नोडल अधिकारी डॉ. अभिषेक मिश्रा ने बताया कि इस अभियान में संचारी रोग जैसे डेंगू, मलेरिया, दिमागी बुखार आदि के साथ ही क्षय रोग के लक्षण युक्त मरीजों को भी चिन्हित करने पर जोर रहेगा। नोडल अधिकारी ने बताया कि 17 से 30 अप्रैल तक संचारी रोगों की रोकथाम के लिए चलने वाले दस्तक अभियान में आशा कार्यकर्त्ता और आगंनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को डेंगू, चिकनगुनिया, जेई, एईएस , आई एल आई ,हीट वेव से बचाव आदि संचारी रोगों के प्रति जागरूक करेंगी। इसके साथ ही मौसम विभाग ने इस वर्ष तापमान सामान्य से ज्यादा रहने का अनुमान व्यक्त किया है साथ ही जलवायु परिवर्तन के कारण मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में भी आशा कार्यकर्ता दस्तक अभियान में जागरूक करेगी।

## नवागत उपजिलाधिकारी दीपशिखा सिंह ने संभाला कार्यभार, मैडम के दिखे सख्त तेवर

सिकन्दरपुर (बलिया)। नवागत उपजिलाधिकारी दीपशिखा सिंह कार्यभार संभालने के तुरंत बाद ही आक्रामक रुख व सख्त तेवर मे दिखीं। वुधवार को तहसील पहुंचते ही उपजिलाधिकारी नें एक आवश्यक बैठक का निर्देश जारी कर सभी लेखपालों व राजस्व निरीक्षको को अपनें कार्यो की अद्यतन स्थिति के साथ बैठक मे उपस्थित होने का निर्देश दिया। तदोपरांत दोपहर 4 वजे उक्त बैठक को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी नें लेखपालों व राजस्व निरीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि शासन द्वारा दिए गए निदेर्शों के क्रम में सभी समस्याओं का समाधान मौके पर जाकर करने को कहा तथा कहा कि कहीं भी ग्राम समाज की भूमि खेलकूद का मैदान बंजर पर्वती पर किसी तरह का अवैध कब्जा ना होने पाए अगर किसी भी लेखपाल क्षेत्र में यह शिकायत मिलेगी तो संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी उन्होंने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने का निर्देश दिया।कहा कि किसी भी सूरत में प्रशासनिक कार्यों में किसी भी तरह की शिथिलता व लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आम जनता की समस्याओं का समाधान सिर्फ कागजों में नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण होना चाहिए। इस दौरान उपजिलाधिकारी ने लेखपालों व राजस्व निरीक्षकों के कार्यों की अद्यतन रिपोर्ट का भी गहनता के साथ निरीक्षण कर मातहतों को उचित दिशानिर्देश भी दिया। इस दौरान उपजिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि उत्तर प्रदेश शासन के संस्कृति अनुभाग द्वारा चैत्र नवरात्रि पावन पर्व के उपलक्ष्य में 29 व 30 मार्च को सभी लेखपाल व राजस्व निरीक्षक अपने अपने क्षेत्रों में स्थित धार्मिक स्थलों पर साज सज्जा के साथ ही मानस पाठ, कीर्तन व भजन संध्या आदि का कार्यक्रमों का आयोजन कराना भी सुनिश्चित करें। पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर उपजिलाधिकारी दीपशिखा सिंह नें कहां कि क्षेत्र मे अमन चैन, शांति व्यवस्था, सामाजिक समरसता को कायम रखने के साथ ही न्याय व्यवस्था मे पारदर्शिता के साथ शासन के मंशानुरूप कार्य करते हुए आम जनता की समस्याओं का समाधान मेरी पहली प्राथमिकताओं मे शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बिजली के शॉर्ट सर्किट से 15 मंडा गेहूं की खड़ी फसल राख

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जहां मौसम के मार से खौफ खाए हुए किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें परेशान किए हुए हैं वही आज मनिहारी ब्लॉक अंतर्गत रसूलपुर परवा गांव में बिजली के अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण गेहूं की खड़ी फसल जलकर हुई राख हो गई , मिली जानकारी के अनुसार रसूलपुर परवा गांव निवासी खुरू यादव कांता यादव रामवृक्ष यादव पुत्र स्वर्गीय देवमनी यादव के आज दोपहर गेहूं की खड़ी फसल में अचानक बिजली के शॉर्ट सर्किट होने के कारण 15 मंडा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों की मदद से आग पर भारी मशक्कत से काफी देर बाद काबू पाया गया तब तक पूरी खड़ी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके का मुआयना किया। वहीं परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है।

### शिवशक्ति सामाजिक कल्याण समिति ने धूमधाम से निकाला भव्य शोभायात्रा लगा जय श्री राम का नारा

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। आध्यात्मिक संस्था शिवशक्ति सामाजिक कल्याण समिति उत्तर प्रदेश वाराणसी द्वारा रामनवमी के शुभ अवसर पर शोभा यात्रा का आयोजन 30 मार्च 2023 गुरुवार को किया गया जो जगतपुर से मण्डुवाडीह और बी0एल0डब्लू0 होते हुए हनुमान नगर कालोनी मड़ाव पर जाकर समाप्त हुआ सभी लोगों में भक्ति का उल्लास दिखा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यू सिंह, मिडिया प्रभारी संतोष वर्मा, प्रदेश सचिव चंचल मिश्रा, अमित मिश्रा प्रदेश कोषाध्यक्ष, शुभम केशरी महानगर अध्यक्ष वाराणसी, जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार राय, सुनिल बिन्द महानगर उपाध्यक्ष, सागर यादव महानगर प्रमुख सचिव, महेश प्रसाद गौड, मनोज कुमार गुप्ता, रमेश श्रीवास्तव, आशुतोष सिंह, जयशंकर चौधरी, आशीष पाल, अजीत गोस्वामी, रवि ठाकुर, अनिल पाण्डेय, ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, शैलेन्द्र पाण्डेय, आशीष वर्मा, अंशुल वर्मा, संजय यादव सहित हजारो की संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

### सीएम योगी ने सुनी फरियाद

प्रखर गोरखपुर। गुरुवार को कन्या पूजन से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के सामने आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबको भरोसा दिया कि हर व्यक्ति की समस्या का हल उनकी सरकार की प्राथमिकता है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सड़क, आवास, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं आमजन तक पहुंचाने के लिए सरकार ने शानदार कार्य किया है।जनता दर्शन में आए पुलिस व राजस्व से जुड़े मामलों पर उन्होंने त्वरित, गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही का निर्देश दिया। साथ ही इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को भरोसा दिया कि इलाज में धन की कमी आड़े नहीं आएगी। इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण होते ही विवेकाधीन कोष से धनराशि जारी कर दी जाएगी। राजस्व व पुलिस को सख्त निर्देश देते हुए कहा फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण जल्द से जल्द करें।

### भाजपा युवा मोर्चा ने राज्यपाल का किया किया स्वागत

प्रखर रामनगर वाराणसी। सिक्किम राज्य के राज्यपाल महामहिम श्री लक्ष्मण आचार्य जी के गृह निवास आगमन पर भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अर्जुन शर्मा के नेतृत्व में मंडल के युवाओं के साथ मां मनसा देवी की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया महामहिम श्री लक्ष्मण आचार्य जी ने कहा की युवा मोर्चा ने नगर में जिस तरह से मेरे स्वागत के लिए भूमिका निभाई है उससे मैं अभिभूत हूं और बहुत प्रसन्न हूं मां मनसा देवी का तल चित्र देख कर तुरंत माथे लगाया और युवाओं को धन्यवाद ज्ञापन दिया कहां मां मनसा देवी जिस प्रकार से सबकी मनोकामना पूर्ण करती हैं उसी तरह युवाओं के भी मनोकामना पूर्ण करेंगी यही मेरा युवाओं के लिए आशीर्वाद है स्वागत करने में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अर्जुन शर्मा,मंडल उपाध्यक्ष धनंजय यादव आलोक कुमार, आकाश तिवारी, मुकेश कसेरा, अंकित राय,द्वय महामंत्री सुचित पाठक, विकास बघेल, आनंद शर्मा, शिवम दूबे,अभिषेक विश्वकर्मा, इंदू सिंह, प्रिंस कश्यप,ओम कसेरा, आकाश गुप्ता, धीरेंद्र सिंह, विश्वजीत कसेरा व अन्य कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### केराकत के डॉ अद्वैत और डोभी के डॉ प्रिंस का ट्रांसफर

प्रखर केराकत जौनपुर। केराकत तहसील क्षेत्र के केराकत और डोभी ब्लॉक क्षेत्र में लम्बे समय से तैनात दो डॉक्टरों डॉ अद्वैत प्रताप सिंह और डॉ प्रिंस मोदी का बुधवार को गैर जनपद में ट्रांसफर कर दिया गया। विशेष सचिव धीरेन्द्र सचान ने डॉ अद्वैत और डॉ प्रिंस मोदी को सुल्तानपुर जिले के बीरसिंह में बने सौ शैय्या वाले संयुक्त चिकित्सालय में कार्यभार ग्रहण करने का आदेश जारी किया है। सचिव ने जिले के विभिन्न ब्लॉकों के कुल आधा दर्जन डॉक्टरों सहित कानपुर, अमेठी, देवरिया, संत कबीर नगर सहित अन्य जिलों के कुल 13 डॉक्टरों का सुल्तानपुर बीरसिंहपुर अस्पताल के लिए ट्रांसफर किया है।

## चीन को ठेंगा दिखा ताइवानी राष्ट्रपति यूएस रवाना

**बीजिंग,(एजेंसी)।** ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन बुधवार को अमेरिका के लिए रवाना हो गईं। अपने दस दिनों की यात्रा में वेन अमेरिका के अलावा मध्य अमेरिकी देशों ग्वाटेमाला और बेलीज के साथ संबंधों को मजबूत करने पर द्विपक्षीय बातचीत करेंगी। चीन ने ताइवानी राष्ट्रपति के अमेरिकी दौरे पर सख्त ऐतराज जताया था। दरअसल, चीन नहीं चाहता कि ताइवान और अमेरिका के बीच नजदीकियां बढ़े। पिछले ही हफ्ते चीन ने एक अहम कूटनीतिक चाल में ताइवान के समर्थक रहे देश होंडुरास को अपने पाले में कर लिया। बेलीज और ग्वाटेमाला उन 13 देशों में से हैं, जो होंडुरास के स्टैंड से उलट इस स्व-शासित द्वीप का समर्थक हैं, जबकि चीन स्वशासित द्वीप (ताइवान) को अपना हिस्सा बताता रहा है।

## दिल्ली में 24 घंटे में मिले 300 नए कोरोना मरीज

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** दिल्ली में एक बार फिर कोरोना वायरस के मामले बढ़े हैं। करीब छह महीने बाद पहली बार संक्रमित मरीजों की संख्या 300 पहुंची है। बुधवार को जारी आंकड़ों को मुताबिक पिछले 24 घंटे में राष्ट्रीय राजधानी में कोविड-19 से हिमाचल प्रदेश में 65 वर्षीय एक मरीज समेत 2 लोगों की मौत हुई है और संक्रमण दर 13.89 फीसदी है। 300 नए मामले सामने आने के बाद शहर में एक्टिव केस की संख्या 806 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस दौरान 2160 टेस्ट किए गए थे। वहीं दिल्ली सरकार ने कहा है कि दिल्ली में कोरोना संक्रमण दर में बढ़ोतरी की तुलना पिछली लहर से नहीं कर सकते। ये वैरिएंट सीरियस नहीं है।

## हज यात्रा में इस बार वीआईपी कोटा नहीं

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** भारत से हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों का सरकार काफी सुविधाएं उपलब्ध कराती है और यात्री सरकार की देखरेख में ही हज पर जाते हैं। सऊदी अरब के साथ द्विपक्षीय समझौते के अनुसार इस साल के लिए भारत का हज कोटा 1,75,025 तय किया गया है। इस बार भारत सरकार ने हज यात्रा को लेकर कई बड़े बदलाव किए हैं। अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी ने बताया कि इस बार हज के लिए वीआईपी कोटा खत्म कर दिया गया है। इससे पहले वीआईपी लोग सरकारी खर्चे पर सऊदी अरब जाया करते थे लेकिन इस बार ऐसा नहीं हो सकेगा। इसके साथ ही इस बार कोई भी वीआईपी डेलिगेशन का सऊदी अरब नहीं जाएगा।

## म्यांमार में चुनाव आयोग ने 40 दलों को किया भंग

**वर्मा, (एजेंसी)।** म्यांमार में जुंटा के अधीन चुनाव आयोग ने मंगलवार को आंग सान सू की पार्टी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेटिक पार्टी को भंग कर दिया है। जुंटा ने पीछे तर्क दिया है कि एनएलडी नए चुनावी कानूनों के तहत खुद को फिर से पंजीकृत कराने में असफल साबित हुई। म्यांमार में में 63 पार्टियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। करीब 40 पार्टियों ने डेडलाइन तक चुनाव के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं किया, जिसके बाद भंग किया। म्यांमार की अपदस्थ नेता आंग सान सू की की पार्टी के विघटन के बाद संयुक्त राष्ट्र ने देश में लोकतंत्र वापसी का आह्वान किया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने आंग सान सू की की रिहाई पर जोर दिया।

## फैसले के बाद महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन के आसार

**मुंबई, (एजेंसी)।** महाविकास अघाड़ी की सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और शिवसेना (यूबीटी) ने बुधवार को 16 विधायकों की अयोग्यता के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट के आने वाले फैसले के बाद महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की संभावना जताई है। प्रदेश एनसीपी अध्यक्ष जयंत पाटिल ने कहा कि शीर्ष अदालत के फैसले के बाद शिवसेना के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और बीजेपी के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की सरकार गिरने की सबसे ज्यादा संभावना है। पाटिल ने जलगांव में पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हालांकि, जैसा कि कुछ तिमाहियों में उम्मीद की जा रही है, मध्यावधि चुनाव नहीं हो सकता। बल्कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद केंद्रीय शासन लागू किया जाएगा।

## आज का इतिहास

- **1822:** 1822-फ्लोरिडा अमेरिकी गणराज्य में शामिल हुआ।
- **1842:** बेहोशी की दवा के रूप में ईथर का पहली बार इस्तेमाल हुआ।
- **1856:** क्रिमिया नामक लड़ाई पेरिस समझौते के साथ समाप्त हुई।
- **1949:** राजस्थान राज्य की स्थापना आज ही के दिन हुई और जयपुर को उसकी राजधानी बनाया गया।
- **1963:** फ्रांस ने अल्जीरिया के इकर क्षेत्र में भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- **1982:** नासा के अंतरिक्ष यान कोलंबिया ने एसटीएस-3 मिशन पूरा कर पृथ्वी पर वापसी की।
- **1992:** सत्यजित रे को मानद ऑस्कर पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- **2002:** प्रसिद्ध संगीतकार आनंद बख्शी का आज ही के दिन निधन हुआ।

# नई दिल्ली-एनसीआर में फिर बदला मौसम

### तेज आंधी के बाद कई इलाकों में बारिश

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में मौसम ने दो-तीन ठीक रहने के बाद बुधवार को फिर एक बार करवट ली है। शाम होते-होते आसमान में काले काले बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई, जिससे तापमान में एक बार फिर गिरावट दर्ज कई गई है। इसके अलावा मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं नोएडा में तेज आंधी के बाद बारिश शुरू हो गई। बता दें कि इससे पहले मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया था कि देश की राजधानी नई दिल्ली और आसपास के इलाकों में कल यानी 30 मार्च से बारिश की गतिविधियां देखने को मिलेंगी।

आईएमडी के पूर्वानुमान के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा व राजस्थान में 30 मार्च को बारिश की संभावना है। ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में 31 मार्च को बारिश के आसार हैं।

### खराब मौसम के चलते 9 फ्लाइट्स दिल्ली से जयपुर के लिए डायवर्ट

राजधानी दिल्ली में बुधवार की शाम खराब हुए मौसम का असर विमानों के संचालन पर भी पड़ा है। खराब मौसम के चलते नौ विमानों को दिल्ली की बजाय जयपुर में उतारा गया। जबकि, कुछ विमान दिल्ली में उतरने के लिए हवा में ही कुछ देर उड़ान भरते रहे। इससे उनके उतरने के समय में विलंब हुआ। दिल्ली में दिन भर तेज धूप खिली रही और मौसम सामान्य रहा। लेकिन, शाम को पांच बजे के बाद मौसम में बदलाव देखने को मिला। इसका असर विमानों के संचालन पर भी पड़ा। खराब मौसम के चलते कई विमानों को दिल्ली हवाई अड्डे पर अपने निर्धारित समय पर उतरने की अनुमति नहीं दी गई। उतरने के मुफीद मौसम नहीं होने के चलते विमानों को सामान्य से ज्यादा वक्त हवा में गुजारना पड़ा और वे अपनी निर्धारित समय से विलंब से हवाई अड्डे पर उतर सके। दूसरी ओर, हवाई अड्डे के यातायात नियंत्रक ने खराब मौसम को देखते हुए नौ विमानों को जयपुर के लिए डायवर्ट कर दिया।

## एयर इंडिया का विमान समय से 12 घंटे पहले ही उड़ गया

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** दुनिया भर में आए दिन प्लेन के देरी से उड़ान भरने की खबरें आती रहती हैं, लेकिन आंध्र प्रदेश में एक फ्लाइट ने तय समय से पूरे 12 घंटे पहले ही एयरपोर्ट से उड़ान भर ली। इस अव्यवस्था के कारण 20 से ज्यादा यात्रियों की फ्लाइट छूट गई।

**20 यात्रियों को छोड़ा**

विमान में सवार होकर न जा पाने वाले यात्रियों ने घटना के बाद नाराजगी जाहिर की। आंध्र प्रदेश के विजवाड़ा में गन्नवरम एयरपोर्ट से कुवैत के लिए बुधवार की दोपहर 1.10 बजे एअर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान को रवाना होना था। यह प्लेन तय समय के 12 घंटे पहले यानी रात के 1.10 बजे ही रवाना हो गया और 20 से ज्यादा यात्रियों को पता ही नहीं चल पाया, जिससे फ्लाइट छूट गई। यात्रियों का कहना है कि उन्हें जो टिकट दिया गया, उसमें फ्लाइट का समय बुधवार की दोपहर 1:10 बजे लिखा था, लेकिन फ्लाइट देर रात 1.10 बजे ही रवाना कर दी गई। स्टाफ का दावा है कि बुकिंग वेबसाइट और यात्रियों को फ्लाइट टाइमिंग के बारे में बताया था।

### जयपुर में 20 मिनट में हुए थे नौ धमाके और 71 की मौत

# पिंक सिटी को दहलाने वाले एटीएस की कमजोरी से बरी

**जयपुर, (एजेंसी)।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में 13 मई 2008 में हुए सीरियल ब्लास्ट मामले में राजस्थान हाईकोर्ट ने चारों आरोपियों को बरी कर दिया है। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस समीर जैन की बेंच ने फैसला सुनाया है। उल्लेखनीय है कि 20 दिसंबर 2019 को चारों आरोपियों को ट्रायल कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई थी। जयपुर में 20 मिनट में ही एक के बाद एक 9 धमाके हुए थे। जिनमें 71 की मौत हो गई थी।

हाईकोर्ट ने मामले में डैथ रेफरेंस सहित दोषियों की ओर से पेश 28 अपीलों पर यह फैसला सुनाया है। मामले में एटीएस ने भरोसे के लायक सबूत नहीं दिए। इसलिए कोर्ट ने सभी सबूत खारिज कर दिए। हाईकोर्ट ने

सैफुर्रहमान

सरवर आजमी

मोहम्मद सैफ

सलमान

एटीएस के लिए कहा- सबूत कांट छांट पेश किए। इसलिए दोषियों की अपील को मंजूर की है। चारों आरोपियों के बरी होने से गहलोत सरकार को झटका लगा है। क्योंकि कोर्ट ने जांच प्रक्रिया में खामियों की बात कही है। डैथ रेफरेंस पर हाईकोर्ट में करीब 48 दिन तक सुनवाई चली थी। सभी पक्षों के मौखिक तर्क सुनने के बाद कोर्ट ने बुधवार को फैसला सुनाया। सैफ, सैफूर्रहमान, सलमान और सरवर आजमी को निचली अदालत ने फांसी दी थी। कोर्ट ने कहा कि जांच अधिकारी को नहीं लीगल जानकारी। कोर्ट ने जांच अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कहा है। बता दें, 20 दिसंबर 2019 को 2008 में जयपुर में हुए बम ब्लास्ट मामले में आरोपी सैफुर रहमान को फांसी की सजा सुनाई गई थी। वहीं, तीन अन्य आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाई थी। साल 2008 के धमाकों ने पिंकसिटी को दहला दिया था।

## न हम झुकने वाले, न दबाव झेलने वाले

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि उनका देश एक संप्रभु देश है, जो विदेशी दबाव के आधार पर कोई निर्णय नहीं लेता है। मंगलवार- बुधवार की दरम्यानी रात बेंजामिन नेतन्याहू की यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की मंगलवार को की गई टिप्पणियों के जवाब में पलटवार के तौर पर आई है।

**बेंजामिन नेतन्याहू का जो बाइडेन पर पलटवार**

न्यायिक सुधार के विरोध में इजरायल में हो रहे देशव्यापी विरोध-प्रदर्शनों पर बाइडेन ने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि नेतन्याहू उन न्यायिक सुधार की कोशिशों को छोड़ देंगे, जिसकी वजह से इजरायल में हिंसक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। बाइडेन ने इसे नेतन्याहू सरकार के लिए एक राजनीतिक संकट बताया था।

इस पर पलटवार करते हुए नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल एक संप्रभु देश है, जो अपने लोगों की इच्छा से अपना निर्णय लेता है। उसका कोई भी फैसला विदेशों के दबावों पर आधारित नहीं है, जिसमें सबसे अच्छे दोस्त भी शामिल हैं। नेतन्याहू ने कहा कि उनकी सरकार व्यापक सहमति के माध्यम से सुधार करने का प्रयास कर रही है।

## सांसदी छिनने के बाद पहली बार सोनिया संग संसद पहुंचे राहुल

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** लोकसभा की सदस्यता छिनने के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी बुधवार को पहली बार संसद भवन पहुंचे। यहां उन्होंने कांग्रेस संसदीय दल के कार्यालय का दौरा किया। यहां वह करीब 20 मिनट तक रुके। इसके बाद शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत और अपनी पार्टी के कुछ अन्य नेताओं से मुलाकात की। बाद में वह मां और कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी के साथ घर के लिए निकल गए। राहुल ने इस दौरान मीडिया से बात नहीं की।

**लगभग 20 मिनट तक रुके रहे राहुल**

राहुल गांधी को सूरत की एक अदालत ने 2019 के मानहानि के एक मामले में दो साल की सजा सुनाई है। इसके मद्देनजर उनको गत शुक्रवार को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहरा दिया गया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को मानहानि के मामले में सूरत की एक अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने और दो साल की सजा सुनाए जाने को चुनौती देने वाली याचिका तैयार है तथा इसे बहुत जल्द दायर किया जाएगा। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पार्टी के शीर्ष विधि सलाहकार पुनर्विचार याचिका पर काम कर रहे हैं तथा इसे सूरत की सत्र अदालत में अगले एक दो दिन में पेश किया जाएगा।

## पंजाब के फाजिल्का में बरामद चाइना मेड पाकिस्तानी ड्रोन

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** पंजाब के फाजिल्का में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर एक बार फिर पाकिस्तानी ड्रोन बरामद हुआ है। दरअसल पंजाब पुलिस और सीमा सुरक्षा बल को सूचना मिली थी कि भारत-पाकिस्तान सरहद के गांव कांवावाली के नजदीक ड्रोन की हलचल दिखाई दी है। इस पर जब सीमा सुरक्षा बल और पंजाब पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा तो पाकिस्तानी ड्रोन बरामद हुआ. बताया जा रहा है कि तकनीकी खामी या किसी वृक्ष के साथ टकराने की वजह से ड्रोन क्षतिग्रस्त हो गया और नीचे गिर गया।

**इलाके में सर्च अभियान तेज**

बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने पाकिस्तानी ड्रोन को अपने कब्जे में ले लिया है, इसके लिए संबंधित इलाके को सील कर सर्च ऑपरेशन किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक ड्रोन की सूचना मिलते ही अपने क्षेत्र को उन्होंने सील करने के साथ ही नाकाबंदी कर चेकिंग की जा रही है।

## पीएम मोदी देश के हीरो नंबर वन: पीयूष गोयल

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि उन्हें बचपन से ही अटल बिहारी बाजपेयी से प्रेरणा मिली है और वे हमेशा से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से प्रभावित रहे हैं। एक चैनल के दो दिवसीय मार्की लीडरशिप कॉन्क्लेव राइजिंग इंडिया सम्मेलन 2023 में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने बोले कि जब भी अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठने का मौका मिलता है तो अच्छा लगता है।

**राइजिंग इंडिया सम्मेलन 2023**

अगर व्यक्ति की बात करें तो पीएम मोदी नंबर वन हैं, वो हीरो नंबर वन हैं, उन्होंने देश को आगे लेकर जाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज लोगों को ये संतुष्टि है कि भ्रष्टाचार पर हमारा कड़ा रुख है।

## बिना हेलमेट चालक को गोली मारने वाला एएसआई बंदी, चार सस्पेंड

**जहानाबाद,(एजेंसी)।** बिना हेलमेट बाइक चला रहे युवक ने पुलिस चेकिंग देखी तो वह भागा। एएसआई ने 04 किलोमीटर तक उसका पीछा किया और गोली मार दी। घटना मंगलवार की है।

युवक को पीठ में गोली लगी है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। इस मामले में एएसआई को हिरासत में ले लिया गया है। एसपी ने चेकिंग कर रही टीम में ओपी अध्यक्ष, एएसआई भीम कुमार, सिपाही विनय कुमार, सिपाही कुमार महेश को भी निलंबित कर दिया है। गांव के पास चेकिंग चल रही थी, युवक पुलिस को देखते ही भागने लगा। उक्त युवक का नाम सुधीर(27) है। वह नालंदा जिले के कोरथु गांव का रहने वाला है। गोली मारने वाले एएसआई का नाम मुमताज अहमद है। हालांकि पिता ने पहले गोली मारने का आरोप थानेदार चंद्रहास कुमार पर लगाया था।

## वंदे भारत पर फेंका पत्थर तो सीधे पांच साल अंदर

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने कई राज्यों में वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत की है। इससे न सिर्फ यात्रियों के समय में बचत हो रही है, बल्कि उन्हें अन्य ट्रेनों की तुलना में बेहतर सुविधाएं भी प्राप्त हो रहीं। हालांकि, इन सबके बावजूद पिछले कुछ समय में देखा गया है कि कई जगह वंदे भारत ट्रेनों पर पत्थरबाजी की घटनाएं सामने आई हैं।

इसको लेकर रेलवे ने सख्त कदम उठाया है। साउथ सेंट्रल रेलवे ने चेतावनी दी है कि यदि कोई वंदे भारत समेत बाकी की भी ट्रेनों पर पत्थरबाजी करते हुए पाया जाता है, तो उसे पांच साल की जेल की सजा हो सकती है। तेलंगाना में विभिन्न स्थानों से वंदे भारत ट्रेनों पर पथराव की कई घटनाओं के बाद यह चेतावनी आई है।

## सारस से दोस्ती की वजह से आरिफ पर एफआईआर

**अमेठी, (एजेंसी)।** अमेठी वाले आरिफ गुर्जर और सारस की दोस्ती लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। अगस्त 2022 में आरिफ की मुलाकात सारस से हुई। उस समय सारस जख्मी था। आरिफ ने उसकी जान बचाई। तब से ही सारस उसके साथ परिवार में रहने लगा और इमोशनली अटैच हो गया। जब मन होता वो अपनी मर्जी से उड़ जाता, फिर आकर आरिफ के साथ रहने लगता। ऐसे ही महीनों कब निकल गए, पता ही नहीं चला।

**वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 का उल्लंघन**

आरिफ और सारस की दोस्ती का कुछ वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। इस बात की भनक जैसे ही वन विभाग को लगी, उन्होंने सारस को आरिफ से अलग कर दिया। उसे समसपुर पक्षी विहार छोड़ दिया। जहां से अपने दोस्त आरिफ की तलाश में सारस उड़कर नजदीकी गांव जा पहुंचा। उसे दोबारा वन विभाग ने पकड़ लिया। इसके बाद उसे खुले में न रखकर कानपुर चिड़ियाघर में रखा गया। अब हालात यह है कि सारस ने खाना-पीना छोड़ दिया है।

ऐसे में अब सारस को वापस आरिफ के पास लाने की मुहिम छिड़ गई है। सवाल उठता है कि क्या सारस को पालने में हमारे देश में पाबंदी है? बिल्कुल देश में कुछ जानवरों को पालने पर पाबंदी है। जिसके अंतर्गत सारस भी आता है। यही वजह है कि आरिफ पर वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 का उल्लंघन करने के आरोप में धारा 2, 9, 29, 51 और धारा 52 के तहत केस दर्ज किया गया है।

## अमेरिकी सीनेट में वीजा कानून में संशोधन के लिए बिल पेश

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** अमेरिका में प्रभावशाली सांसदों के एक समूह ने सीनेट में एच-1बी और एल-1 वीजा कार्यक्रमों में व्यापक बदलाव लाने और विदेशी कर्मचारियों की भर्ती में अधिक पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से द्विदलीय कानून पेश किया है। एच-1बी वीजा अमेरिकी कंपनियों को विशेषकर तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता वाले पेशे में विदेशी कर्मचारियों को रखने की अनुमति देता है।

**द्विदलीय कानून पेश किया**

प्रौद्योगिकी कंपनियां इसके लिए हर साल भारत और चीन जैसे देशों से हजारों कर्मचारियों को भर्ती करती हैं। एल-1 वीजा भी एक प्रकार का वर्क वीजा है जो देश में काम करने की इच्छा रखने वाले पेशेवरों को जारी किया जाता है। एच-1बी वीजा उस व्यक्ति को जारी किया जाता है जो किसी अमेरिकी कंपनी से जुड़ना चाहते हैं।

# पुलिस को चकमा दे रहा भगोड़ा

### अमृतपाल का यूपी में रिकॉर्ड किया वीडियो ब्रिटेन से अपलोड

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** पुलिस की गिरफ्त से भगोड़ा अमृतपाल फरार है, लेकिन उसके वीडियो जारी होते रहे हैं। अब एक वीडियो में अमृतपाल सिख समुदाय के लोगों को भड़काता हुआ दिख रहा है। सूत्रों की मानें तो भगोड़े का ये वीडियो ब्रिटेन से अपलोड किया गया है।

**आत्मसमर्पण करने की चर्चा**

वीडियो एक से दो दिन पुराना माना जा रहा है, जिस यूट्यूब चैनल से ये वीडियो जारी हुआ है, उसे सरकार ने बैन कर दिया है। वहीं अन्य सूत्रों की मानें तो यह वीडियो उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में शूट किया गया। अमृतपाल ने जो रिकॉर्डेड वीडियो जारी किया उसके जरिए वो लोगों को भड़काने की कोशिश में जुटा है। भगोड़ा अमृतपाल पुलिस और सिस्टम को चुनौती देते हुए कह रहा है कि वक्त आ गया है, लोग अब कमर कस लें। अगर आप नहीं जागे तो फिर कभी नहीं हो पाएगा। साथ ही वो पुलिस को एक बार फिर से चुनौती दे रहा है।

**अमृतसर में सरेंडर पुलिस ने कहा- जानकारी नहीं:** पंजाब में अचानक पुलिस की गतिविधियां बढ़ गई हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, वारिस पंजाब दे का प्रमुख और खलिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह आत्मसमर्पण कर सकता है। सूचना है कि उसने आत्मसर्पण से पहले कुछ शर्तें पुलिस के सामने रखी हैं। अमृतपाल सिंह के चाचा हरजीत सिंह का नया ऑडियो वायरल हुआ है। जो उसने सरेंडर से पहले किसी को भेजा था। इस ऑडियो में कहा है कि वह खुद सरेंडर करने जा रहा है। अगर पुलिस हमें पकड़ती है तो इसमें बेइज्जती बहुत है, लेकिन अगर हम सरेंडर करते हैं तो इसमें हमारी शान है। उसने उस व्यक्ति को कहा था कि अमृतपाल को कहना कि अपने ही कुछ लोग एजेंसियों के साथ मिल गए है, जो सारी जानकारी उन तक पहुंचा रहे रहे है।

## पाक की एक्ट्रेस समीना ने 72 की उम्र में छोटे हीरो से किया निकाह

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** दादी-नानी की उम्र में एक पाकिस्तानी एक्ट्रेस दुल्हन बनी हैं। सुनो चंदा से लेकर मेरे हमसफर और मार्वल की सीरिज में मिस मावर्ल का अहम किरदार निभा चुकीं समीना अहमद ने 72 साल की उम्र में मंजर सहबाई से शादी की है। मंजर समीना से उम्र में दो साल छोटे हैं। वैसे तो इस जोड़े ने तीन साल पहले यानी 4 अप्रैल, 2020 को ही लाहौर में एक निजी निकाह समारोह में शादी कर ली थी लेकिन जब उन्होंने हाल ही में अपने निकाह की जानकारी सोशल मीडिया पर दी तो लोगों को ये बात हजम नहीं हुई। लोग इस जोड़े को कोसने लगे हैं। कई सोशल मीडिया यूजर्स इस जोड़ी की खुशखबरी से नाराज हो गए। इससे पहले,अभिनेत्री की शादी फिल्म निर्माता फरीदुद्दीन अहमद से हुई थी।



## राइट टू हेल्थ बिल को वापस लेने अड़े डॉक्टर, राजस्थान में हाहाकार

**जयपुर, (एजेंसी)।** राजस्थान में राइट टू हेल्थ बिल के खिलाफ डॉक्टर्स का आंदोलन मरीजों के लिए गले की फांस बन गया है। आरटीएच पर आमने सामने हुई अशोक गहलोत सरकार और डॉक्टर्स की जंग का खामियाजा प्रदेशभर में मरीजों को उठाना पड़ा रहा है। राइट टू हेल्थ बिल को वापस लेने की मांग पर अड़े डॉक्टर्स आर पार की लड़ाई के मूड में आए हुए हैं। इसके चलते बुधवार को मेडिकल टीचर्स और सेवारत चिकित्सक भी स्ट्राइक पर रहे। प्रदेशभर में करीब 14000 सेवारत चिकित्सक हैं। इसके अलावा 1500 से अधिक है मेडिकल टीचर्स हैं। करीब 4000 से अधिक रेजिडेंट डॉक्टर्स ने भी कार्य बहिष्कार किया है।

डॉक्टर्स की हड़ताल के चलते पूरे राजस्थान में स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैं। राइट टू हेल्थ बिल के खिलाफ निजी और सरकारी डॉक्टर्स एकजुट हो गए हैं। मेडिकल टीचर्स ने अगले 24 घंटो तक किया कार्य बहिष्कार का ऐलान किया है. हालांकि जयपुर के सबसे बड़े एसएमएस अस्तपाल समेत प्रदेश के अन्य सरकारी अस्पतालों में ओपीडी के लिए वैकल्पिक इंतजाम किए गए हैं लेकिन वे नाकाफी साबित हो रहे हैं।

## एकतरफा सैन्य गतिविधियां ना करें, संप्रभुता का सम्मान करें

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने बुधवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की एक बैठक में चीन और पाकिस्तान का बिना नाम लिए निशाना साधा। श्री डोभाल ने कहा कि समूह के सदस्यों को क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए व आस-पास के क्षेत्रों में एकतरफा सैन्य गतिविधियां नहीं करनी चाहिए।

नई दिल्ली में एससीओ के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए, डोभाल ने क्षेत्रीय संपर्क की आवश्यकता पर जोर दिया, लेकिन यह भी कहा कि इस तरह की पहल परामर्शी और पारदर्शी होनी चाहिए और सभी देशों की संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए।

बता दें कि डोभाल की यह टिप्पणी चीन और पाकिस्तान द्वारा सीमा पर दिए जा रहे टेंशन के बीच आई हैं। भारत से लगती सीमाओं पर चीन और पाकिस्तान कुछ-न-कुछ करता रहता है, जिससे दोनों देशों के बीच तनाव की स्थिति लगातार बनी रहती है।

# सामान्य यूपीआई पेमेंट पर कोई शुल्क नहीं

- विक्रेता के पीपीआई के जरिए लेन देन पर लगेगा इंटरचेंज शुल्क
- इस शुल्क का बोझ ग्राहकों पर नहीं डाला जाएगा
- पीपीआई के जरिए दो हजार रुपए के यूपीआई लेनदेन पर लगा है 1.1% शुल्क

नई दिल्ली (भाषा)। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने बुधवार को स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि बैंक खाते से बैंक खाता आधारित यूपीआई भुगतान या सामान्य यूपीआई भुगतान पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। एनपीसीआई ने बयान में कहा कि विक्रेता के 'पूर्व भुगतान साधन (पीपीआई)' के जरिए लेनदेन करने पर इंटरचेंज शुल्क लगेगा। हालांकि यह शुल्क ग्राहकों को अदा नहीं करना होगा। दरअसल, निगम ने पीपीआई वॉलेट को अंतर-संचालित (इंटरचेंज) यूपीआई परिवेश का हिस्सा बनाने की मंजूरी दी और पीपीआई के जरिए 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर 1.1 प्रतिशत शुल्क लगाया है।

इसमें बताया गया, 'इंटरचेंज शुल्क सिर्फपीपीआई मर्चेंट लेनदेन पर ही लगेगा, ग्राहकों पर कोई शुल्क नही लगेगा। यह भी स्पष्ट किया गया है कि बैक खाते से बैक खाता आधारित यूपीआई भुगतान (सामान्य यूपीआई भुगतान) पर कोई शुल्क नहीं लगेगा।' पीपीआई के यूपीआई में जुड़ने के बाद ग्राहकों के पास कोई भी बैक खाता इस्तेमाल करने का विकल्प होगा। बैंक खाते से बैंक खाते में लेनदेन ग्राहकों और विक्रेताओं दोनों के लिए निःशुल्क होगा।

## अपीलीय न्यायाधिकरण ने गूगल पर 1,337.76 करोड़ रुपए के जुर्माने के फैसले को बरकरार रखा

नई दिल्ली (भाषा)। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने बुधवार को गूगल के मामले में भारतीय प्रतिस्पर्धी आयोग (सीसीआई) के जुर्माने के फैसले को बरकरार रखा। आयोग ने गूगल पर एंड्रॉयड मोबाइल उपकरणों के मामले में प्रतिस्पर्धा रोधी गतिविधियों में शामिल होने को लेकर 1,337.76 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था।

## सेबी ने फ्रंट रनिंग के आरोप में छह फर्मों पर लगाई रोक

नई दिल्ली (भाषा)।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 'फ्रंट रनिंग' कारोबार में संलिप्त रहने के आरोप में बानहेम स्टाक ब्रोकिंग और निंजा सिक्योरिटीज समेत छह फर्मों को पूंजी बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। सेबी की तरफ से प्रतिबंधित किए गए अन्य लोगों में कौशल चंदराणा, मनीष मेहता, कश्मीरा मेहता एवं सुमतिलाल मेहता शामिल है।

**क्या है फ्रंट रनिंग**
शेयर ट्रेडिंग में अग्रिम सूचना के आधार पर खरीद-फरोख्त को फ्रंट रनिंग कहते हैं।

बाजार नियामक ने एन्विल वेल्थ मैनेजमेंट के शेयर कारोबार में फ्रंट रनिंग (अग्रिम सूचना के आधार पर खरीद-बिक्री) में संलिप्त रहने के आरोप में इनपर कार्रवाई की है। इसके साथ गलत तरीके से कमाये गए 2.23 करोड़ रुपए को जब्त भी कर लिया गया है। सेबी ने अपने अंतरिम आदेश में कहा कि गलत ढंग से अर्जित राशि जमा न किए जाने तक इन फर्मों को अपनी कोई भी परिसंपत्ति या शेयर न बेचने को भी कहा है।

सेबी ने अपनी जांच में पाया कि निंजा और बानहेम ने पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवा प्रदाता एन्विल वेल्थ मैनेजमेंट की तरफ से जारी लंबित निर्देश के पहले ही कई शेयरों में खरीद-फरोख्त की।

# पहली अप्रैल से गोल्ड ज्वेलरी पर यूनीक आईडी अनिवार्य

- समयसीमा आगे बढ़ाने से बीआईस का इनकार
- ब्लाकचेन तकनीक के लिए भी अब बनेंगे मानक

नई दिल्ली (भाषा)।

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने कहा कि वह ब्लाकचेन जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए मानक तैयार कर रहा है। इसके साथ ही बीआईएस ने स्पष्ट किया है कि वह हालमार्क वाले सोने के आभूषणों के लिए छह अंक की अल्फान्यूमेरिक 'हालमार्क यूनीक आईडी (एचयूआईडी)' अनिवार्य बनाने की समयसीमा को एक अप्रैल की आगे नहीं बढ़ाएगा। बीआईएस की इस घोषणा के बाद अब एक अप्रैल से यूनीक आईडी वाले सोने के आभूषणों की बिक्री अनिवार्य हो जाएगी।

भारतीय मानक ब्यूरो के प्रमुख प्रमोद कुमार तिवारी कहा, 'हम कारोबार सुगमता को बढ़ावा देने के लिए मानक बनाते है। हमारे राष्ट्रीय मानकों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाया जा रहा है ताकि हमारा बाहरी व्यापार सुचारू रहे।'

उन्होंने कहा कि 22,000 बीआईएस मानक में से 8,000 अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है जिनमें बिजली क्षेत्रों के लिए आईईसी मानक और गैर-विद्युत क्षेत्रों के लिए आईएसओ मानक शामिल है।

भारत उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम मेधा), ब्लाकचेन, ब्रेन कंप्यूटिंग इंटरफेस और बिग डेटा एनालिटिक्स आदि के लिए सक्रिय रूप से मानकों को तैयार करने में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि देश अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इन नए क्षेत्रों में परियोजनाओं का नेतृत्व कर रहा है, जो भविष्य में आईएसओ मानकों के रूप में उभरेंगे।

सोने की हॉलमार्किंग पर तिवारी ने कहा कि सरकार ने केवल छह अंक के अल्फ़ान्यूमेरिक एचयूआईडी (हालमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन) के साथ हालमार्क वाले सोने के आभूषणों और सोने की कलाकृतियों की बिक्री के लिए एक अप्रैल की समयसीमा निर्धारित की है और इसे बढ़ाया नहीं जाएगा।

उन्होंने कहा, 'हमने ज्वेलर्स को पुराने स्टाक का निपटान करने के लिए दो साल का समय दिया। अब आगे कोई विस्तार नहीं दिया जाएगा।' उन्होंने कहा कि सोने के आभूषणों पर छह अंक का एचयूआईडी निशान अनिवार्यरूप से लागू करने के लिए जौहरियों के निकाय के साथ हाल ही में एक बैठक हुई थी।

### योग उपकरणों के लिए भी गुणवत्ता मानक

नई दिल्ली (भाषा)। दुनियाभर में योग की बढ़ती लोकप्रियता के बीच भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने मंगलवार को कहा कि वह आयुष मंत्रालय के अनुरोध पर योग उपकरणों और कुछ पारंपरिक आयुर्वेदिक दवाओं के लिए गुणवत्ता मानक तैयार कर रहा है। बीआईएस के डीजी पीके तिवारी ने कहा कि ब्यूरो ने पहले ही योग शब्दावली, योग चटाई और योग केंद्र पर मानक तैयार कर लिए है। हम जल नेति क्रिया में इस्तेमाल होने वाले योग उपकरणों व आयुर्वेदिक दवाओं पर भी काम कर रहे है।'

## संक्षिप्त खबरें

### वेदांता में लाभांश को मंजूरी

नई दिल्ली। वेदांता लि. के निदेशक मंडल ने चालू वित्त वर्ष के लिए 7,621 करोड़ रुपए के अंतरिम लाभांश को मंजूरी दी है। कंपनी ने लाभांश भुगतान के लिए रिकार्ड तिथि सात अप्रैल तय की है। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि निदेशक मंडल की 28 मार्च, 2023 को हुई बैठक में वित्त वर्ष 2022-23 के लिए एक रुपए अंकित मूल्य के शेयर पर 20.50 रुपए प्रति शेयर के पांचवें अंतरिम लाभांश को मंजूरी दी गई। यह अंतरिम लाभांश 7,621 करोड़ रुपए बैठता है।

### नया एक्टिवा125 लांच

नई दिल्ली। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने अपने स्कूटर एक्टिवा125 का नया संस्करण पेश किया। दिल्ली में इसकी शोरूम कीमत 78,920 रुपए है। एचएमएसआई के प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अत्सुशी ओगाता ने एक बयान में कहा कि 2023 एक्टिवा125 अप्रैल से लागू होने जा रहे नए उत्सर्जन मानकों को पूरा करता है। यह स्कूटर सख्त उत्सर्जन मानक वाले इंजन के साथ उतारा गया है।

### जाम्बिया पहुंची एनबीसीसी

नई दिल्ली। जाम्बिया में एक लाख आवासीय इकाइयों के निर्माण में सहयोग करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की एनबीसीसी ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने बयान में कहा कि जाम्बिया में घरों की गंभीर कमी को दूर करने और कम तथा मध्यम दाम वाले एक लाख घरों के निर्माण के लिए उसने सिरोक्को एंटरप्राइजेज लिमिटेड के साथ एक एमओयू किया है। इन आवासीय इकाइयों का 2030 तक निर्माण किया जाना है।

### जीआर की बोली सबसे कम

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की 1,613.84 करोड़ रुपए की दो परियोजनाओं के लिए जीआर इन्फ्राप्रोजेट्स लिमिटेड सबसे कम बोली देने वाली कंपनी रही है। जीआर इन्फ्राप्रोजेट्स लिमिटेड ने बीएसई को भेजी सूचना में यह जानकारी दी। वित्तीय बोलियां 28 मार्च, 2023 को खुली थीं। इसमें आगे कहा गया, 'एनएचएआई ने जो निविदाएं आमंत्रित की थी उसमें हमारी कंपनी वित्तीय बोली के लिए एल1 बोलीदाता के रूप में सामने आई।' एक परियोजना कर्नाटक में 4/6 लेन के बाइपास निर्माण की है और इसकी लागत 897.37 करोड़ रुपए होगी।

### ओम्बुड्समैन की उम्र सीमा बढ़ी

नई दिल्ली। पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने ओम्बुड्समैन के लिए अधिकतम उम्र सीमा को पांच साल बढ़ाकर 70 साल कर दिया है। अभी तक पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण नियमन, 2015 के तहत ओम्बुड्समैन के लिए अधिकतम उम्र सीमा 65 वर्ष निर्धारित थी। गजट के मुताबिक, पीएफआरडीए ने अपने नियम को संशोधित कर ओम्बुड्समैन के लिए अधिकतम उम्र सीमा को 65 से बढ़ाकर 70 वर्ष कर दिया है।(एजेंसी)

# 39600 मेगावाट क्षमता के बनेंगे सौर पीवी

- पीएलआई योजना के तहत कुल 11 कंपनियां बनाएंगी ये सौर पीवी

नई दिल्ली (भाषा)। रिलायंस, इंडोसॉल और फर्स्ट सोलर जैसी 11 कंपनियों को सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के दूसरे चरण में कुल 39,600 मेगावाट क्षमता के सौर फोटोवोल्टिक के विनिर्माण का काम मिला है। सरकार ने 39600 मेगावाट क्षमता वाले घरेलू सौर पीवी माड्यूल के विनिर्माण का काम 11 कंपनियों को आवंटित किया है। इन मॉड्यूल के उत्पादन संबंधी परियोजना के लिए कुल 14,007 करोड़ रुपए आवंटित किए गए है।

बिजली मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी देते हुए कहा कि पीएलआई योजना के तहत उच्च दक्षता वाले सौर पीवी माड्यूल बनाने के दूसरे चरण में इन कंपनियों को चुना गया है। इनमें से 7,400 मेगावाट की विनिर्माण क्षमता के अक्टूबर, 2024 तक पूरा हो जाने की उम्मीद है जबकि 16,800 मेगावाट क्षमता अप्रैल, 2025 तक चालू हो जाएगी। बाकी 15,400 मेगावाट क्षमता अप्रैल, 2026 तक परिचालन में आने की संभावना है। दूसरे चरण की सौर पीवी पीएलआई परियोजनाओं के जरिए 93,041 करोड़ रुपए का निवेश आने की उम्मीद है। इससे एक लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है जिसमें से 35,000 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

बिजली मंत्री आरके सिंह ने पीएलआई योजना की सफलता का जिक्र करते हुए कहा कि भारत उच्च प्रौद्योगिकी वाले सौर पीवी मॉड्यूल के उत्पादन से जुड़ी मूल्य शृंखला में लगातार आगे बढ़ रहा है।

## पांच फीसद और बढ़ेंगे घरों के दाम : इंडिया रेटिंग्स

नई दिल्ली (भाषा)।

चालू वित्त वर्ष में घरों की कीमतें 8-10 प्रतिशत तक बढ़ी है और 2023-24 के दौरान इनमें और पांच प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है।

इंडिया रेटिंग्स यह अनुमान लगाया है। एजेंसी ने 2023-24 के लिए आवासीय रियल एस्टेट क्षेत्र के परिदृश्य को संशोधित करते हुए 'सुधार' से बदलकर 'तटस्थ' कर दिया। उसने कहा, 'ऊंची निर्माण लागत, बढ़ती आवास ऋण दरें और मंदी के बावजूद आवासीय रियल एस्टेट बाजार में 2022-23 में तेजी बरकरार रही है। रियल एस्टेट के शीर्ष आठ क्षेत्रों के लिए सालाना आधार पर बिक्री में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# दूरसंचार कंपनियां दें नेटवर्क ठप होने की जानकारी : ट्राई

नई दिल्ली (भाषा)।

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने किसी जिले में दूरसंचार नेटवर्क में गड़बड़ी से उपभोक्ताओं के प्रभावित होने की जानकारी देने का निर्देश मंगलवार को दूरसंचार कंपनियों को दिया।

ट्राई ने बयान में कहा कि दूरसंचार सेवाएं देने वाली कंपनियों को किसी जिले में बड़े स्तर पर नेटवर्क ठप होने के सभी मामलों की जानकारी देने को कहा गया है। चार घंटे से अधिक समय तक नेटवर्क ठप रहने पर उसकी जानकारी 24 घंटे के भीतर देनी होगी। यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

दूरसंचार नियामक का यह कदम सीमावर्ती एवं पर्वतीय इलाकों में लंबे समय तक दूरसंचार सेवाएं ठप रहने से जुड़ी शिकायतें सामने आने के बाद उठाया है।

# डीमैट व म्यूचुअल फंड के लिए नामिनी घोषित करने की अवधि बढ़ी

- सितम्बर के अंत तक दे सकेंगे नामिनी का नाम

नई दिल्ली (भाषा)।

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने डीमैट खाताधारकों और म्यूचुअल फंड निवेशकों को राहत देते हुए डीमैट खाताधारकों और म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए 'नामिनी' का नाम देने या इस विकल्प से हटने के लिए समयसीमा सितम्बर अंत तक बढ़ा दी है। पहले यह समयसीमा 31 मार्च, 2023 थी।

'नॉमिनी' या नामित व्यक्ति से आशय, उस व्यक्ति से है, जिनका नाम बैक खाते, निवेश या बीमा में होता है और संबंधित व्यक्ति का अचानक निधन होने पर वह बैक खाते में जमा या निवेश राशि पाने का हकदार होता है। सेबी ने जुलाई, 2021 में सभी मौजूदा पात्र कारोबारी और डीमैट खाताधारकों से 31 मार्च, 2022 तक नामित व्यक्ति के बारे में अपना विकल्प उपलब्ध कराने को कहा था। ऐसा नहीं करने पर डीमैट खाता बंद हो जाता। बाद में इसे एक साल 31 मार्च, 2023 तक बढ़ा दिया गया था। सेबी ने एक परिपत्र में कहा, 'कारोबार के साथ-साथ डीमैट खातों के मूल्यांकन और विभिन्न पक्षों से प्राप्त प्रतिवेदनों के आधार पर यह निर्णय किया गया है कि नामिनी प्रावधान अब 31 मार्च, 2023 के बजाए 30 सितम्बर से लागू होगा।'

एक अलग परिपत्र में नियामक ने मौजूदा म्यूचुअल फंड निवेशकों को लाभार्थी के रूप में 'नामिनी' का नाम देने या इस विकल्प से हटने के लिए 30 सितम्बर तक का समय दिया है। अगर म्यूचुअल फंड निवेशक 30 सितम्बर तक इसका अनुपालन करने में विफल रहते है, उनके खाते को जब्त कर लिया जाएगा और वे निवेश को भुना नहीं सकेंगे।

सेबी ने जून, 2022 में एमएफ निवेशकों के लिए 'नामिनी' का ब्योरा देने के बारे में घोषणा एक अगस्त, 2022 तक करने को कहा था। बाद में समयसीमा एक अक्टूबर, 2022 तक बढ़ा दी गई। मौजूदा एमएफ फोलियो के लिए नई समयसीमा 31 मार्च, 2023 थी। साथ ही, सेबी ने शेयर ब्रोकरों और डिपाजिटरी प्रतिभागियों से अपने उन ग्राहकों को ऐसे सभी डीमैट खातों में ई-मेल और एसएमएस भेजकर नामांकन के बारे में सूचना देने को कहा है।

## एयर इंडिया एक्सप्रेस व एयरएशिया के टिकट अब एकीकृत वेबसाइट पर

नई दिल्ली (भाषा)।

एयर इंडिया एक्सप्रेस और एयरएशिया इंडिया ने एक एकीकृत टिकट बुकिंग प्रणाली लागू की है जिसकी मदद से यात्री दोनों एयरलाइन के टिकट एक ही वेबसाइट से बुक कर सकते है।

यह कदम एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ एयरएशिया इंडिया के विलय की प्रक्रिया का ही हिस्सा है। विलय के बाद सम्मिलित एयरलाइन किफायती दाम पर विमानन सेवा देने पर जोर देगी। एक विज्ञप्ति के मुताबिक, टाटा समूह की इन दोनों एयरलाइंस ने एक एकीकृत टिकट बुकिंग प्रणाली एवं वेबसाइट शुरू कर दी है।

# ईपीएफ अंशधारकों के लिए अब ई पासबुक

- ई पासबुक में सभी अंशधारकों को मिलेगी अपने खाते की पूरी डिटेल

नई दिल्ली (भाषा)।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के अंशधारकों के लिए ई-पासबुक सुविधा शुरू की।

ईपीएफओ ने बयान में कहा कि इसके साथ सदस्य विस्तार से अपने खातों का विवरण देख सकेंगे। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, ईपीएफओ ने इस साल जनवरी में 14.86 लाख अंशधारकों को जोड़ा।

केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) के चेयरमैन की भी जिम्मेदारी निभा रहे यादव ने ईपीएफओ के 63 क्षेत्रीय कार्यालयों में शिशु पालना केंद्रों का उद्घाटन किया। ये पालना केंद्र उन क्षेत्रीय कार्यालयों में खोले गए है, जहां 100 से ज्यादा कर्मचारी है।

- ईपीएफओ के 63 क्षेत्रीय कार्यालयों में खोले गए गए हैं शिशु पालना केंद्र
- सौ ज्यादा कर्मचारी वाले कार्यालयों में खुले हैं यह केंद्र
- प्रयागराज में क्षेत्रीय कार्यालय के लिए आधारशिला रखी गई

इसके अलावा मंत्री ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में क्षेत्रीय कार्यालय के लिए आधारशिला रखी।

अन्य बातों के अलावा, न्यासी बोर्ड ने ईपीएफओ के भौतिक बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए पांच साल की योजना को मंजूरी दी। इसमें 2,200 करोड़ रुपए की लागत से भूमि की खरीद, भवन निर्माण और विशेष मरम्मत शामिल है।

बयान के अनुसार, बोर्ड को उच्च वेतन पर पेंशन के संबंध में उच्चतम न्यायालय के फैसले के अनुपालन की दिशा में उठाए गए कदमों के बारे में अवगत कराया गया।

# बिना मंजूरी के चला दिये गए 3.3 लाख मालगाड़ी डिब्बे

- सरकार के इस कदम पर कैग ने उठाए सवाल
- कैग ने इसे सुरक्षा के साथ समझौता करार दिया

नई दिल्ली (भाषा)।

नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने देश में तटस्थ नियंत्रण कार्यालय (एनसीओ) की मंजूरी के बिना मरम्मत किए गए 3.30 लाख से अधिक मालगाड़ियों के डिब्बों को परिचालन में रखे जाने को लेकर चिंता जताई है। कैग का कहना है कि यह सुरक्षा के साथ समझौता है।

कार्यशालाओं/यार्ड में तटस्थ नियंत्रण कार्यालय का काम मरम्मत वाले या समय-समय पर दुरुस्त होने के लिए आए मालगाड़ियों के डिब्बों को परिचालन के लिए भेजने से पहले उसकी स्वतंत्र रूप से जांच करना है।

एनसीओ की मंजूरी महत्वपूर्ण है। कार्यशालाओं में मरम्मत किए गए मालगाड़ियों के डिब्बे (वैगन) की जांच तटस्थ ट्रेन परीक्षक (एनटीएक्सआर) करते है। जिस वैगन को 'फिट' होने का प्रमाण मिलता है, उन्हें ही सेवा में शामिल किया जा सकता है। जिन डिब्बों में खामियां पाई जाती हैं, परीक्षक उस पर ध्यान देने के लिए उसे अपने नियंत्रण में रखते हैं।

कैग ने अपनी रिपोर्ट में कहा है, 'कार्यशालाओं/टर्मिनल में मरम्मत के बाद बिना एनसीओ मंजूरी के 3.30 लाख वैगन को मंजूरी दी गई। यह सुरक्षा के साथ समझौता है।' इसने यह भी कहा कि माल परिचालन सूचना प्रणाली (एफओआईएस) 2016-17 से 2020-21 के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि रुकने का समय कुल यात्रा समय के आधे के करीब था और इसलिए औसत गति भी आधे के करीब थी।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि रेलवे जोन ने वैगन आवश्यकता के आकलन में भाग नही लिया या रेलवे बोर्ड को उनके अधिग्रहण के लिए प्रस्ताव या कारण नही भेजे।

## नौ राज्यों तक फैला हुआ है साइबर क्रिमिनल्स का जाल

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली से लेकर आंध्र प्रदेश और गुजरात से लेकर असम तक नौ राज्यों के तीन दर्जन से अधिक शहर एवं गांव साइबर अपराध के केंद्र बन चुके हैं और इन पर कानून प्रवर्तन एजेंसियां करीबी नजर रखे हुए हैं। सूत्रों के मुताबिक, कई विरोधी देश लंबे समय से भारत की वित्तीय प्रणाली एवं राष्ट्रीय सुरक्षा ग्रिड को नुकसान पहुंचाने की कोशिश में लगे हुए हैं

### साइबर अपराधी किन राज्यों में सक्रिय

देश में साइबर अपराधी जिन राज्यों में सक्रिय हैं उनमें देश की राजधानी दिल्ली भी शामिल है। इसके अलावा साइबर अपराध के गढ़ बनने वाले राज्यों में हरियाणा, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, उत्तर प्रदेश, गुजरात और आंध्र प्रदेश भी शामिल हैं। आंध्र प्रदेश के चित्तूर शहर इनकी गिरफ्त में है।

### विदेशी अपराधी

सूत्रों से मिली जानकारी में बताया गया है कि भारत में आईटी तंत्र पर हमला करने की फिराक में विदेशी साइबर हमलावर भी हैं। इनमें से ज्यादातर चीन, पाकिस्तान और तुर्की जैसे देशों के हैं।

### किन शहरों में बैठकर ये अपराधी कर रहे हैं काम

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मेवात | हरियाणा | आजादपुर | दिल्ली | जामताड़ा | झारखंड |
| भिवानी | हरियाणा | बांका | बिहार | देवघर | झारखंड |
| नूंह | हरियाणा | बेगूसराय | बिहार | आसनसोल | प.बंगाल |
| अशोक नगर | दिल्ली | नालंदा | बिहार | दुर्गापुर | प.बंगाल |
| उत्तम नगर | दिल्ली | गया | बिहार | अहमदाबाद | गुजरात |
| शकरपुर | दिल्ली | बारपेटा | असम | सूरत | गुजरात |
| ओखला | दिल्ली | धुबरी | असम | आजमगढ़ | उत्तर प्रदेश |

### वित्तीय प्रणाली व सुरक्षा ग्रिड निशाने पर

सूत्रों के मुताबिक, कई भारत विरोधी देश लंबे समय से भारत की वित्तीय प्रणाली एवं राष्ट्रीय सुरक्षा ग्रिड को नुकसान पहुंचाने की कोशिश में भी लगे हुए हैं। कई बार भारत के सरकारी विभागों की वेबसाइट पर हमले किए भी जा चुके हैं

### हर गतिविधि पर पैनी नजर रखे हैं सरकारी एजेंसियां

देश की सुरक्षा एजेंसियां साइबर हमलावरों की हर गतिविधि पर पैनी नजर रख रही हैं। हालांकि इन अपराधियों ने कई बार हमला करने की कोशिश भी की लेकिन सुरक्षा एजेंसियों ने इनके हमलों को नाकाम कर दिया

### क्या करें इंटरनेट यूजर

- नेट यूजर को सतर्क रहने की जरूरत
- सिक्योर नेट कनेक्शन यूज करें
- पासवर्ड स्ट्रांग बनाकर रखें
- जल्द बदल दें पासवर्ड
- बैंक ट्रांजेक्शन में काफी ज्यादा सतर्कता बरती जाए

# ओपनिंग मैच के लिए अहमदाबाद पहुंची चेन्नई सुपर किंग्स की टीम

## आईपीएल 2023 : 31 मार्च को नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस से होगी भिड़ंत

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में 31 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच मुकाबले में आईपीएल का आगाज होगा। ओपनिंग मैच के लिए चेन्नई सुपर किंग्स की टीम अहमदाबाद पहुंच चुकी है।

चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाड़ियों ने चेन्नई एयरपोर्ट से अहमदाबाद के लिए उड़ान भरी। चेन्नई सुपर किंग्स ने टीम के अहमदाबाद पहुंचने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं। तस्वीर में कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के अलावा रवींद्र जडेजा, ऋतुराज गायकवाड़, ड्वेन कॉन्वे और दीपक चाहर समेत कई खिलाड़ी नजर आ रहे हैं। वहीं, इस मैच से पहले चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाड़ी ट्रेनिंग सेशन में हिस्सा लेंगे। हालांकि, इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाड़ियों ने चेन्नई में प्रैक्टिस की। गौरतलब है कि पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस के बाद चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल इतिहास की दूसरी सबसे कामयाब टीम है। चेन्नई ने चार बार आईपीएल खिताब अपने नाम किया है।

### ऋषभ पंत की जगह पोरेल दिल्ली की टीम में शामिल

दिल्ली कैपिटल्स ने ऋषभ पंत की जगह बंगाल के विकेटकीपर बल्लेबाज 20 वर्षीय अभिषेक पोरेल को टीम में शामिल किया हैं। ऋषभ पंत का रिप्लेसमेंट ढूढ़ने के लिए हाल ही में दिल्ली कैपिटल्स के हेड कोच रिकी पॉन्टिंग ने भारत के कुछ विकेटकीपर्स के ट्रायल लिए थे। 5 से 6 दिन तक चलते इस ट्रायल में कई विकेटकीपर्स को दिल्ली बुलाया गया। अभिषेक पोरेल भी इन विकेटकीपर्स में शामिल थे। भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत दिसंबर में कार दुर्घटना में घायल हुए थे। इसके बाद वह आईपीएल 2023 से पूरी तरह बाहर हो गए। उन्हें फिट होने में करीब 6-7 महीने का वक्त लग सकता है। अभिषेक पोरेल बंगाल के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। अभिषेक ने टी20 मैचों की 3 पारियों में सिर्फ 22 रन बनाए हैं। हालांकि अभ्यास को दौरान वह प्रभावित करने में सफल रहे।

### धोनी के रिटायरमेंट पर रोहित शर्मा ने कहा, वह अभी कुछ और सीजन खेलने के लिए फिट

मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा से जब महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास के बारे में पूछा गया तो रोहित शर्मा ने कहा कि, मैं पिछले 2-3 साल से यह सुनता आ रहा हूं कि यह सीजन धोनी का आखिरी आईपीएल सीजन होने वाला है। मुझे लगता है कि वह अभी कुछ और सीजन खेलने के लिए काफी फिट हैं। रोहित के इस बयान को सुनने के बाद ऐसा लगता है कि मीडिया और लोग चाहें कितनी भी बातें कर लें, धोनी फिलहाल आईपीएल को अलविदा कहने के मूड में नहीं है। हालांकि, आपको बता दें कि महेंद्र सिंह धोनी ने एक बार किसी कार्यक्रम के दौरान कहा था कि, वह अपने चीजों का शेड्यूल बनाकर रखते हैं, जैसे रिटायरमेंट के लिए उन्होंने अपना एक प्लान बनाया हुआ है। उन्होंने कहा था कि, उनका आईपीएल में आखिरी मैच जब भी होगा, वह चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में ही होगा।

### कोलकाता के खिलाफ पंजाब किंग्स की टीम का हिस्सा नहीं होंगे लिविंगस्टोन

आईपीएल 2023 में पंजाब किंग्स कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। लेकिन इग्लैंड के दिग्गज खिलाड़ी लियाम लिविंगस्टोन पहला मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे। वह इंजरी से गुजर रहे है और अभी तक उन्हें फिटनेस को क्लियरेंस नहीं मिल सका है। लिविंगस्टोन पिछले साल दिसंबर में चोटिल हुए थे।वह लंबे वक्त से मैदान पर नहीं उतरे। उन्होंने आखिरी मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ पिछले साल दिसंबर में खेला था। लिविंगस्टोन का अप्रैल 2019 में डेब्यू आईपीएल मैच खेला था। इसके बाद से अब तक 23 मैचों में उन्होंने 549 रन बनाए और 4 अर्धशतक लगाए।

### वर्कलोड मैनेज के कारण कुछ मैच नहीं खलेंगे रोहित शर्मा सूर्यकुमार यादव संभालेंगे मुंबई इंडियंस की कप्तानी

आईपीएल 2023 की शुरुआत से पहले मुंबई इंडियंस को एक और बड़ा झटका लगा है। दरअसल, मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा सीजन के कुछ मैचों में नहीं खेल पाएंगे। रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में सूर्यकुमार यादव मुंबई इंडियंस की कमान संभालेंगे। रोहित का वर्कलोड मैनेज करने के लिए मैनेजमेंट ने यह फैसला लिया है। रोहित लगातार चोटों से जूझते रहे हैं। हालिया समय में भी वह कई बार चोटिल हो चुके हैं। अगले छह महीनों में भारत को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल और वनडे विश्वकप खेलना है। ऐसे में रोहित खुद को इन टूर्नामेंट के लिए फिट रखना चाहते हैं। और किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहतें इसलिए खुद से ही वर्कलोड मैनेजमेंट कर रहे हैं। रोहित शर्मा से वर्कलोड से जुड़ा सवाल पूछा गया। इस पर रोहित ने कहा, मेरे आराम करने के संदर्भ में मुझे लगता है कि मार्क बाउचर आपको इसका जवाब देंगे। इस पर टीम के कोच बाउचर ने उनसे ही पूछ दिया, क्या आप आराम करना चाहते हैं। इसके बाद बाउचर ने विस्तार इस मामले पर अपनी राय रखी। मार्क बाउचर ने कहा, जहां तक रोहित को आराम देने की बात है तो वह कप्तान हैं। उम्मीद है कि वह अच्छी फॉर्म में रहेंगे और मुझे उम्मीद है कि वह आराम नहीं करना चाहते। हालांकि, हम सभी अलग-अलग परिस्थितियों के अनुकूल हैं। अगर मैं उनसे सर्वश्रेष्ठ हासिल कर सकता हूं तो एक कप्तान और खिलाड़ी के रूप में यह बहुत अच्छा होगा। अगर वह एक या दो मैच में आराम करना चाहते हैं, तो मैं ऐसा करूंगा। इसमें कोई बड़ी बात नहीं है। रोहित ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान भी बताया था कि खिलाड़ियों को आईपीएल के दौरान खुद को भारतीय टीम के लिए फिट रखने की पहल खुद से ही करनी होगी। उन्होंने कहा, अब फैसला फ्रेंचाइजियों को करना है। हमने टीमों को कुछ संकेत दिए हैं लेकिन आखिरकार उन्हें ही फैसला करना है। और सबसे जरूरी खिलाड़ियों को भी देखना है। वह सभी वयस्क हैं। उन्हें खुद को अपने शरीर को देखना होगा। यदि उन्हें लग रहा है कि ज्यादा हो रहा है तो वह बात कर सकते हैं और एक या दो मैच से ब्रेक ले सकते हैं।

# इंदौर आए देशभर के व्हीलचेयर टेनिस खिलाड़ियों ने दिखाया जज्बा

## पहियों पर ही मंजिल हासिल करने के लिए लगा रहे जी जान

**इंदौर।** कहा जाता है कि दिल में जज्बा हो तो हर मंजिल किसी भी परिस्थिति में हासिल की जा सकती है। ऐसा ही जज्बा लिए देशभर के दिव्यांग व्हीलचेयर पर टेनिस खेलने के लिए शहर में आए है। इन खिलाड़ियों का खेल के प्रति रूझान और हर परिस्थिति को पार पाने की लगन उन्हें इंदौर तक लेकर आई। देश की नंबर एक व्हीलचेयर टेनिस खिलाड़ी कर्नाटक की शिल्पा के.पी. ने बताया कि बचपन पोलियो ग्रास्त हूं जिसके कारण पैर काम नहीं करते। पिता किसान है और मां घरेलू महिला है। लेकिन वर्ष 2010 में मुझे टेनिस खेलने का मौका मिला, तो मैने पिछे मूड़कर नहीं देखा। जब मैं अच्छा खेलने लगी तो मुझे बैंगलोर के आस्था फाउंडेशन द्वारा मुझे सहयोग किया गया और आईडब्ल्यूटीटी कोचिंग सेंटर पर मुझे खेलने के लिए पूरी फैसिलिटी दी गई। मैं पूरा समय सिर्फ खेल पर ही ध्यान लगाती हूं। प्रतिदिन कोच किरण नंदकुमार के मार्गदर्शन में डेढ़ घंटा शारीरिक व्यायाम और 2 घंटे टेनिस का अभ्यास करती हूं। माता-पिता आर्थिक रूप से कमजोर है, लेकिन मुझे खेलने के लिए पूरा सहयोग करते है। आज शिल्पा इंडिया की टॉप प्लेयर है तो वर्ल्ड में 150वीं रैंकिंग है।

**आज हमारे मैच यू-ट्यूब पर देखकर सीखते है खिलाड़ी :** जब हमने खेलना शुरू किया था, तो ज्यादा सुविधाएं नहीं थी, हम टेनिस खेलने के लिए दूसरे देशों के व्हीलचेयर खिलाड़ियों के वीडियो देखते थे, लेकिन आज हमारे वीडियो देखकर देश के व्हीलचेयर टेनिस खिलाड़ी इस खेल को सीख रहे है। यह कहना है कर्नाटक की प्रथिमा राव का। वे एक कंपनी में जॉब करती है और बड़ी मुश्किल से छुट्टियां लेकर यहां खेलने आई है। उन्होंने बताया कि जब मैं छोटी थी, तो पोलियों की दवा पीने के बाद मुझे बुखार आया था और फिर मेरे पैर लकवा मार गए। इसके कुछ समय बाद मैने खेल से जुड़ने की इच्छा जताई, जिस पर मुझे परिवार से मदद मिली और मैं इस खेल से जुड़ी। उन्होंने बताया कि आज हमें स्पॉन्सर की जरूरत है, यदि हमें स्पॉन्सर मिल जाएंगे तो हम भी विदेशों में पदक जीतकर ला सकते है।

**महंगी व्हीलचेयर नहीं खरीद सकता :** बसवराज ने बतारया कि पांच साल पहले एक्सीडेंट में मुझे एक पैर गंवाना पड़ा, लेकिन परिवार की मदद से मैने अपने-आप को संभाला और पढ़ाई के साथ खेल से जुड़ने की कोशिश की। पिछले तीन सालों से मैं व्हीलचेयर टेनिस खेल रहा हूं, लेकिन स्पॉन्सर नहीं होने और घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण महंगी विदेशी व्हीलचेयर नहीं खरीद पा रही है। फिलहाल मैं देश में ही बनी 30 हजार की व्हीलचेयर से खेलता हूं, लेकिन इस खेल के लिए लगने वाली व्हीलचेयर विदेशों से मंगवाना पड़ती है, जिसकी कीमत लगभग 3 से 4 लाख रुपए तक होती है। ऐसे में हर किसी खिलाड़ी को इतनी महंगी व्हीलचेयर खरीदना मुमकिन नही होता है। उन्होंने बताया कि यहां आने के पहले मैने हमारे क्षेत्र के एमएलए और अन्य नेताओं से मदद की गुहार लगाई थी, लेकिन उन्होंने अब तक कोई जवाब नहीं दिया।

### आर्थर बन सकते हैं पाक के सहायक टीम निदेशक

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पूर्व प्रमुख कोच मिकी आर्थर को सहायक टीम निदेशक नियुक्त करेगा जबकि पूर्व फील्डिंग कोच ग्रांट ब्रेडबर्न पुरुष टीम के प्रमुख कोच बनेंगे। वहीं रिपोर्ट के अनुसा दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज मोर्न मोर्कल के गेंदबाजी कोच बनने की उम्मीद है जबकि एंड्यू पुटिक बल्लेबाजी कोच बनेंगे। टीम के फिजियोथेरेपिस्ट क्लिफ डिकॉन और स्ट्रेंथ एन्ड कंडीशनिंग कोच ड्रिक्स साइमन अपने पद पर बने रहेंगे। छह कोचिंग स्टाफ में से चार न्यूजीलैंड के खिलाफ 14 अप्रैल से होने वाली घरेलू सफेद गेंद सीरीज से पहले टीम से जुड़ेंगे। इस सीरीज में पांच टी20 और इतने ही वनडे होंगे। पाकिस्तान ने आर्थर के मार्गदर्शन में 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। वह अगले महीने कोचिंग स्टाफ को जानकारी देने के लिए पाकिस्तान का संक्षिप्त दौरा करेंगे और फिर डर्बीशायर के साथ अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए इंग्लैंड लौट जाएंगे।

### विंडीज ने जीती टी20 सीरीज, जोसेफ के पांच विकेट

**जोहान्सबर्ग ।** मैन ऑफ द मैच अल्जारी जोसेफ (40/5) की घातक गेंदबाजी और रोमारियो शेफर्ड (22 गेंद, नाबाद 44 रन) की आतिशी बल्लेबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज ने तीसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-1 से जीत ली है। वेस्टइंडीज ने निर्णायक मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 220 रन का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में मेजबान टीम 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 213 रन ही बना सकी। वेस्टइंडीज ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए नियमित अंतराल पर विकेट गिरने के बावजूद तेजी से रन बनाना जारी रखा। सलामी बल्लेबाज काइल मेयर्स 10 गेंद पर 17 रन, ब्रैंडन किंग 25 गेंद पर 37 रन, कप्तान रॉवमैन पॉवेल चार गेंद पर 11 रन, निकोलस पूरन 19 गेंद पर 41 रन, और रेमन रीफर 18 गेंद पर 27 रन ने अपनी छोटी पारी में कुछ अच्छे शॉट खेले लेकिन जेसन होल्डर (13) और रॉस्टन चेज (06) के 16वें ओवर में पवेलियन लौटने के बाद विंडीज ने 161 रन पर आठ विकेट गंवा दिए, हालांकि उनके पास अब भी चार ओवर शेष थे। दिया।

### दैनिक जनचर्चा को हराकर फाइनल में हमीदिया

**भोपाल।** द्वितीय अखिल भारतीय स्व. हुकुम सिंह ठाकुर मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में कॉर्पोरेट वर्ग में हमीदिया और जनचर्चा के मध्य मैच खेला गया जिसमें हमीदिया ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 182 रन बनाए। विशाल कहार ने 70 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी दैनिक जनचर्चा की टीम 19.4 ओवर में 154 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। पियूष ने 46 रन बनाए। हमीदिया की तरफ से ओसामा ने 4 और ओसाफने 3 विकेट लिए। शानदार बल्लेबाजी के लिए विशाल कहार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। विशाल कहार को महेश सोनी बबला राष्ट्रीय पहलवान व समाज सेवी जितेन्द्र त्रिखा लकी ने पुरस्कृत किया।

### वेदांत सुपर किंग ने गोविंदपुरा इंडस्ट्रीज एरिया को हराया

**भोपाल।** खेल संस्कार ग्रप द्वारा आयोजित इंटर कॉरपोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट में वेदांत सुपर किंग ने गोविंदपुरा इंडस्ट्रीज एरिया को पांच विकेट से हराया। मुकाबले में गोविंदपुरा इंडस्ट्रीज एरिया ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाए। जिसमें विकास विश्वकर्मा ने 32 गेंदों में 35 रन का योगदान दिया। वेदांत सुपर किंग की ओर से गेंदबाजी करते हुए सार्थक ताम्रकार ने 4 ओवर में 36 रन देकर 2 सफलता प्राप्त की। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी वेदांत सुपर किंग ने निर्धारित लक्ष्य 18.2 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 154 रन बनाकर हासिल कर लिया। जिसमे राहुल पिल्लई ने 22 गेंद में नाबाद 28 रन, सौरभ राजपूत ने 17 गेंदों में नाबाद 28 रन एवं आयुष कुशवाह ने 23 गेंदों में 27 रनों का योगदान दिया। गोविंदपुरा की ओर से गेंदबाजी करते हुए विनोद पाल ने चार ओवर में 28 रन देकर 2 विकेट लिए। इस मैच के मैन ऑफद मैच आयुष कुशवाह रहे।

### सूर्य कुमार यादव व द इंडियन गैराज ने हाथ मिलाया

**नई दिल्ली।** फ्लिपकार्ट ने भारत में न्यू जेनरेशन के पसंदीदा ब्रैंड्स में से एक इ इंडियन गैराज कंपनी द्वारा क्रिकेटर सूर्य कुमार यादव के साथ मिलकर नवीनतम कलेक्शन को अपने प्लेटफार्म पर पेश किया है। इस लॉन्च के चलते पुरुषों की स्टाइलिश कैजुअल वियर की विस्तृत रेंज देशभर में फ्लिपकार्ट के लाखों ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगी। अभिषेक मालू, सीनियर डायरेक्टर, फ्लिपकार्ट फैशन ने कहा, द इंडियन गैराज कंपनी उन फैशन कद्रदानों के लिए मनपसंद ब्रैंड है जो अपने स्टाइल के साथ नए प्रयोग करते हुए भीड़ से अलग दिखना चाहते हैं। इस कलेक्शन में पुरुषों के कैजुअलवियर में 2,500 से अधिक स्टाइल्स शामिल हैं जिनमें ट्रैंडी शर्ट्स और चिनोज प्रमुख हैं।

### असम सरकार लवलीना को 50 लाख का पुरस्कार देगी

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली लवलीना बोर्गोहेन (75 किग्रा) को 50 लाख रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने यह घोषणा की।टोक्यो ओलंपिक्स में कांस्य पदक जीतने वाली लवलीना ने विश्व चैंपियनशिप में अपना पहला स्वर्ण पदक जीतकर एक और उपलब्धि हासिल की। सरमा ने कहा, लवलीना ने हमें गौरव प्रदान किया है और असम विधानसभा ने सर्वसम्मति से उन्हें 50 लाख रुपये देने का फैसला किया। मुख्यमंत्री ने कहा, बोर्गोहेन पहली असमी खिलाड़ी हैं जिन्होंने ओलंपिक में पदक जीता है और अब विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत लिया है। यह हमारे लिए गौरव का क्षण है।

# रायबकिना और पेगुला ने सेमीफाइनल में जगह बनाई

## मियामी ओपन: सबालेंका व मार्टिना बाहर

**मियामी।** कजाकिस्तान की विश्व नंबर सात 23 वर्षीय एलेना रिबाकिना और अमेरिका की 29 वर्षीय जेसिका पेगुला ने मियामी ओपन के महिला एकल वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

रिबाकिना ने इटली की मार्टिना ट्रेविसन को 6-3, 6-0 से हराकर लगातार 12वीं जीत दर्ज की। रिबाकिना का इस जीत के बाद सत्र में 20-4 का रिकॉर्ड हो गया है और उन्होंने एक सत्र में सर्वाधिक मैच जीतने के मामले में सबालेंका की बराबरी कर ली है। रिबाकिना अब सनशाइन डबल पूरा करने वाली पांचवीं महिला बनने से दो जीत दूर हैं, जिन्होंने एक ही सीजन में इंडियन वेल्स और मियामी में बैक-टू-बैक खिताब जीता। दो हफ्ते पहले इंडियन वेल्स में अपना पहला डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीता, फाइनल में दुनिया की नंबर 2 आर्यना सबालेंका को हराकर विंबलडन के बाद से अपना सबसे बड़ा खिताब जीता। सेमीफाइनल में रिबाकिना की भिड़ंत तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला से होगी। जिन्होंने अमेरिका की अनास्तासिया पोटापोवा को बारिश से प्रभावित मैच में 4-6, 6-3, 7-6 से हराकर अंतिम-4 में जगह बनाई।

### अल्काराज, खाचानोव व फ्रिट्ज अंतिम-आठ में

पुरुष वर्ग के गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज, दूसरी वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव, अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज और जनिक सिनर ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर अंतिम-8 में जगह बनाई। चौथे दौर के मुकाबले में खाचानोव ने सितसिपास को 7-6 , 6-4 से हराया। अल्काराज ने टॉमी पॉल को 6-4, 6-4 से हराया। अलकारज की भिड़ंत क्वॉर्टर फाइनल में फ्रिट्ज से होगी, जिन्होंने अन्य मैच में होलगर रूने पर 6-3, 6-4 की जीत दर्ज की। सिनर ने छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव को 6-2, 6-4 से शिकस्त दी।

# किदांबी श्रीकांत ने दूसरे चरण में जगह बनाई

## स्पेन मास्टर्स: सात्विकसाईराज और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी बाहर

**मैड्रिड।** भारत के अनुभवी शटलर किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को स्पेन मास्टर्स सुपर 300 इवेंट के पहले चरण में जीत दर्ज की, जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी को पहले दौर का मैच बीच में ही छोड़ने के बाद टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा।

किदांबी ने एक घंटे पांच मिनट चले रोमांचक पुरुष एकल मुकाबले में थाईलैंड के सिथिकॉम थमासिन को 21-11, 25-27, 23-21 से मात दी। यह थमासिन के खिलाफ चार मैचों में किदांबी की चौथी जीत है। दूसरे चरण में किदांबी का सामना हमवतन साई प्रणीत या चेक गणराज्य के जैन लॉडा से होगा। पिछले हफ्ते स्विस ओपन जीतने वाली सात्विक-चिराग की जोड़ी जापान के अयातो एंडो और युता ताकेई के खिलाफ 9-11 से पीछे थी जब उन्होंने मैच छोड़ने का फैसला किया। इस जोड़ी के टूर्नामेंट से बाहर होने के कारण की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है हालांकि सात्विक कोर्ट छोड़ने से पहले अपना बायां पैर मैच अधिकारियों को दिखाते हुए नजर आए थे। गौरतलब है कि सात्विक को जनवरी में ग्रोइन इंजरी हुई थी जिसकी वजह से इस जोड़ी को घरेलू सरजमीन पर आयोजित इंडिया ओपन 750 टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा था। इसी बीच, भारत की आकर्षी कश्यप ने महिला एकल के पहले चरण में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कनाडा की मिशेल ली को हराया। त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी को हालांकि महिला युगल के पहले चरण में हार का सामना करना पड़ा। जापान की रेन मियाउरा और अयाको सकुरामोटो से ने त्रिशा-गायत्री को 39 मिनट में 21-18, 21-16 से मात दी।

### अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैचों में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने बांग्लादेश के शाकिब अल हसन

**चटगांव।** मैन ऑफ द मैच शाकिब अल हसन (38 रन और पांच विकेट) के ऑलराउंडर प्रदर्शन की मदद से बांग्लादेश ने दूसरे टी-20 मैच में आयरलैंड को 77 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बनाई। पहले बल्लेबाजी करते उतरी बांग्लादेश ने 17 ओवर में 3 विकेट पर 202 रन बनाए। बांग्लादेश के लिए लिटन दास ने सर्वाधिक 41 गेंद पर 83 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। इसके अलावा तालुकदार 44 रन, शाकिब अल हसन 38 रन और तौहीद ने 24 रन का योगदान दिया। आयर्लैंड के लिए बने व्हाइट ने दो विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड की टीम 17 ओवर में 9 विकेट पर महज 125 रन बना सकी। आयलैंड के लिए कर्टिस कैम्फर 50 रन के अलावा सभी भी बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। हैरी टेक्टर ने 22 रन और ग्रेम हूम ने 20 रन का योगदान दिया। बांग्लादेश के लिए शाकिब अल हसन ने 4 ओवर में 22 रन देकर 5 विकेट झटके। इस दौरान शाकिब अल हसन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। अब तक शाकिब अल हसन ने 112 इंटरनेशनल टी20 मैचों में 136 विकेट झटके हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के टिम साउदी को पछाड़कर यह उपलब्धि हासिल की। इस सूची में अफगानिस्तान के राशिद खान तीसरे नंबर पर, न्यूजीलैंड के स्पिनर ईश सोढ़ी चौथे और श्रीलंका के लसिथ मलिंगा पांचवें पायदान पर हैं।

### रैंकिंग: राशिद खान बने टी-20 के शीर्ष गेंदबाज

**दुबई।** अफगानिस्तान टी20 टीम के कप्तान राशिद खान पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज विजय के बाद टी20 गेंदबाजों की सूची में एक बार फिर शीर्ष पर लौट आए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से बुधवार को जारी नवीनतम रैंकिंग के अनुसार, राशिद 710 रेटिंग पॉइंट के साथ वानिन्दू हसरंगा (695) को पछाड़कर नंबर एक पर पहुंच गये। कप्तान राशिद ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में बेहद किफायती गेंदबाजी की और 12 ओवर में तीन विकेट चटकाते हुए सिर्फ 62 रन दिये। राशिद सबसे पहले फरवरी 2018 में टी20 गेंदबाजों की सूची के शीर्ष पर पहुंचे थे। हसरंगा ने नवंबर 2022 में राशिद को हटाकर ही नंबर एक स्थान हासिल किया था। राशिद के अलावा मुजीब उर रहमान (आठवां स्थान) और फजलहक फारुकी (तीसरा स्थान) ने भी टी20 गेंदबाजों के शीर्ष 10 में जगह बना ली है। इसी बीच, ऑस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर ऐडम जम्पा वनडे रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर आ गाए हैं। जम्पा ने भारत के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में चार विकेट लिए थे। भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल एकदिवसीय बल्लेबाजों की सूची में पांचवें स्थान पर बरकरार हैं, जबकि उन्होंने करियर की सर्वश्रेष्ठ 738 रेटिंग हासिल कर ली है। कप्तान रोहित शर्मा एक स्थान की छलांग लगाकर आठवें पायदान पर पहुंच गए हैं।

### रोहित, पंड्या ने आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में सुधार किया

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी नवीनतम एकदिवसीय रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ आठवें जबकि हरफनमौला हार्दिक पंड्या गेंदबाजों की सूची में 10 स्थान के सुधार के साथ 76वें पायदान पर पहुंच गये। इस सूची में शुभमन गिल नंबर पांच पर भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बने हुए हैं, जबकि विराट कोहली सातवें स्थान पर हैं। बल्लेबाजों की सूची में पाकिस्तान के बाबर आजम शीर्ष स्थान पर है। गेंदबाजों की सूची में मोहम्मद सिराज तीसरे नंबर है। वह शीर्ष 10 गेंदबाजों की सूची में एकमात्र भारतीय हैं। इसमें ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड शीर्ष पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा भारत के खिलाफ चेन्नई एकदिवसीय में 45 रन पर चार विकेट लेने के बाद तीन स्थान के सुधार के साथ करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे पायदान पर पहुंच गये है। इस श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये मिशेल मार्श चार स्थान के सुधार के साथ बल्लेबाजों की सूची में 51वें स्थान पर पहुंच गये। उन्होंने तीन मैचों की श्रृंखला में 194 रन बनाये। टी20 अंतरराष्ट्रीय में पाकिस्तान के खिलाफ 2-1 से श्रृंखला जीतने के दौरान शानदार गेंदबाजी करने वाले राशिद खान इस प्रारूप के शीर्ष गेंदबाज बन गये है। उन्होंने श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा को पीछे छोड़ा। राशिद ने इस श्रृंखला के हर मैच में विकेट चटकाये। उन्होंने इस दौरान 12 ओवर में सिर्फ 62 रन खर्च किये। टीम में उनके साथी स्पिनर मुजीब उर रहमान ने भी दो स्थान का सुधार किया। श्रृंखला के पहले और तीसरे मैच में दो-दो विकेट लेने वाले मुजीब आठवें स्थान पर आ गये है।

# मेसी ने अंतरराष्ट्रीय मैचों में पूरा किया गोलों का शतक

## दोस्ताना मैच में अर्जेंटीना ने क्यूरासाओ को 7-0 से रौंदा, मेसी की हैट्रिक

**सेंटिआगो डेल एस्टेरो।** लियोनेल मेसी के 100वें अंतरराष्ट्रीय गोल की मदद से अर्जेंटीना ने एकतरफा दोस्ताना मैच में क्यूरासाओ को 7-0 से रौंद दिया है।

युनीको मांद्रे स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में मेसी (20वां, 33वां, 37वां मिनट) ने पहले हाफ में हैट्रिक बनाते हुए तीन गोल किए। निकोलस गोंज़ालेस (23वां मिनट), एंज़ो फर्नांडिस (35वां मिनट), एंजल डी मारिया (78वां मिनट) और गोंजालो मोंटील (87वां मिनट) ने एक-एक गोल किया। मेसी अब अर्जेंटीना के लिये खेले गए 174 मैचों में 102 गोल कर चुके हैं अर्जेंटीना ने मैच की मजबूत शुरुआत की और मेसी ने शानदार नियंत्रण के साथ गेंद को गोलपोस्ट के दाहिने कोने में मारकर टीम को बढ़त दिल दी। गोंजालेज ने हेडर के साथ बढ़त को दोगुना किया, जबकि मेसी ने उसके आधे घंट के बाद अपनी टीम के लिये तीसरा गोल दागा। मेसी ने कुछ ही समय बाद एंजो फर्नांडीज को पास दिया, जबकि फर्नांडिस ने 20 गज की दूरी से गोलकीपर एलॉय रूम को छकाकर अर्जेंटीना की बढ़त 4-0 कर दी। मेसी ने इसके बाद उम्र को धता बताकर स्फूर्ति के साथ क्यूरासाओ के बॉक्स में जगह बनाई और गोलकीपर रूम को मात देकर गोलों की हैट्रिक पूरी की। मध्यांतर के बाद मेजबान टीम ने अपनी तीव्रता कम कर दी लेकिन उनकी श्रेष्ठता बरकरार रही।एंजेल डी मारिया ने हैंडबॉल के बाद 78वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला। मोंटिएल ने आधिकारिक समय की समाप्ति से तीन मिनट पहले पाउलो डायबाला के बॉल का पीछा करते हुए गोल करके इस मैच को समाप्त किया।

### यूरो कप: स्कॉटलैंड ने किया बड़ा उलटफेर, स्पेन को चौंकाया

**ग्लास्गो।** स्कॉट मैकटॉमिने के दो शानदार गोलों की बदौलत स्कॉटलैंड ने स्पेन को यूरो 2024 क्वॉलीफायर्स में मंगलवार को 2-0 से हराकर अपनी दूसरी जीत दर्ज की और अपने ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गया। मैकटॉमिने ने दोनों हाफ के शुरू में एक-एक गोल किया। स्कॉटलैंड ने मजबूत खेल का प्रदर्शन करते हुए स्पेन के पास ज्यादा विकल्प नहीं छोड़े। स्पेन के कोच ने नॉर्वे को 3-0 से हराने वाली टीम में आठ बदलाव किए।

# फेसपैक रात के लिए

दलिया से बने फेसपैक को रात में आसानी से इस्तेमाल किया जा सकता है, जो काफी लाभप्रद होता है। इसे बनाने के लिए दो चम्मच दलिया लें। इसमें ऑयल की कुछ बूंद डालकर पेस्ट बना लें और इस पेस्ट में एक चम्मच शहद और 2-3 चम्मच नींबू का रस मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगा लें। जब मिश्रण सूखने लगे तो स्क्रब कर लें बाद में निकाल दें। गर्म पानी से चेहरा धोएं।

## जब सिर में हो खारिश

केले में शहद मिला कर मसल लें। उसमें प्याज का रस मिक्स करें। फिर इसे बालों की जड़ों में लगा कर 20 मिनट तक छोड़ दें और बाद में शैंपू कर लें। इस मास्क से रूसी खत्म होगी। जै तून का तेल लें और उसे गरम करें। उसमें शहद की कुछ बूंदें डालें और उससे सिर की कुछ देर मसाज करें। बीस मिनट के बाद सिर को शैंपू से धो लें। खारिश दूर हो जाएगी।

# हाथों को सुंदर बनाने के टिप्स

*खूबसूरत हाथ सभी को आकर्षित करते हैं। अपने हाथों को सुंदर बनाने के लिए आप मैनिक्योंर करवा कर हाथों को हमेशा नर्म और मुलायम बना सकती हैं। हाथों को खूबसूरत बनाएं रखने के लिए जानें ये मेनिक्योंर टिप्स-*

हाथ रुखे होने पर आप इनमें तेज खुशबू वाला लोशन लगाएं।

अक्सर नेलपॉलिश हटाने के बाद नेल्स रुखे हो जाते हैं ऐसे में आप नेल रिमूवर में कुछ बूंदें जोजोबा ऑयल की डालें और इसे नेपॉलिया हटाने केबाद नाखूनों पर लगाएं।

नेलपॉलिश को ज्यादा दिनों तक फ्रेश बनाए रखने के लिए शीशी के मुंह पर क्यूटिकल ऑयल लगाएं और शीशी बंद कर दें।

गीले हाथों पर नेल फाइलिंग न करें, क्योंकि गीले होने पर नाखून कमजोर हो जाते हैं। नाखूनों को एक ही दिशा में फाइल करें नहीं तो वे टूट भी सकते हैं।

# फ्रिज में रखी बची हुई ब्रेड से तैयार करें ब्रेड मंचूरियन

**ब्रेड** मंचूरियन बनाने के लिए सबसे पहले ब्रेड को पानी में डिप करें। इसके बाद आप उसे हाथों से अच्छी तरह निचोड़ें। इसे बनाने वालों ने अपने अनुभव से बताया कि इस स्टेज पर आपको जितना हो सके, ब्रेड से पानी निकालना है। अब आप बाउल में ब्रेड को डालें।

सुबह के नाश्ते में अक्सर हम सभी ब्रेड खाना पसंद करते हैं। लेकिन अक्सर ऐसा होता है कि जब आप ब्रेड का बड़ा पैकेट ले आते हैं और फिर दो दिन खाने के बाद भी वह खत्म नहीं होता, तब समझ नहीं आा कि इसका क्या किया जाए। दरअसल, ब्रेड खाना यकीनन अच्छा लगता हो, लेकिन हर दिन ब्रेड भी नहीं खाई जा सकती। ऐसे में वक्त आता है कि आप ब्रेड को एक नए अंदाज में बनाए, ताकि घर का हर सदस्य उसे खाना चाहे। तो चलिए आज हम आपको ब्रेड की मदद से मंचूरियन बनाने की विधि के बारे में बता रहे हैं। यह रेसिपी आपको यकीनन काफी अच्छी लगेंगी-

इसे भी पढ़ें: इस तरीके से बनाएं भरवां करेला, हर कोई खाएगा चटकारे लेकर

सामग्री-

ब्रेड स्लाइस

पानी

1/4 कप पत्तागोभी (कटा हुआ)

1/2 छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर

1/2 छोटा चम्मच धनिया बीज पाउडर

1/2 छोटा चम्मच जीरा पाउडर

नमक

1 चम्मच लाल मिर्च सॉस

स्प्रिंग अनियन

कॉर्नफ्लोर

तलने के लिए तेल

2 बड़े चम्मच तेल

1 बड़ा चम्मच अदरक (बारीक कटा हुआ)

1 बड़ा चम्मच लहसुन (बारीक कटा हुआ)

1 बड़ा चम्मच लाल मिर्च की चटनी

1 बड़ा चम्मच सोया सॉस

शिमला मिर्च

इसे भी पढ़ें: छुट्टी के दिन घर पर कुछ इस तरह बनाएं चटाकेदार दही पूरी

विधि-

ब्रेड मंचूरियन बनाने के लिए सबसे पहले ब्रेड को पानी में डिप करें। इसके बाद आप उसे हाथों से अच्छी तरह निचोड़ें। इसे बनाने वालों ने अपने अनुभव से बताया कि इस स्टेज पर आपको जितना हो सके, ब्रेड से पानी निकालना है। अब आप बाउल में ब्रेड को डालें। इसी तरह अन्य ब्रेड का प्रोसेस भी करें। अब आप इसमें कटी हुई पत्तागोभी, लाल मिर्च पाउडर, धनिया, जीरा पाउडर, नमक, रेड चिली सॉस और स्प्रिंग अनियन डालकर अच्छी तरह मिक्स करें। इस मिश्रण से हम मंचूरियन बॉल्स बनाएंगे।

अब एक कड़ाही में ऑयल गर्म करने के लिए रख दें। वहीं दूसरी ओर, एक प्लेट में थोड़ा कॉर्नफ्लोर डालें और मिश्रण की बॉल्स बनाते हुए उसे कॉर्नफ्लोर से कोट करते चले जाएं। हमारे अनुभव में अगर आपके पास कॉर्नफ्लोर नहीं है तो आप मैदा का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। तेल गर्म हो जाने के बाद मंचूरियन बॉल्स को मीडियम फ्लेम पर फ्राई करें। जब यह फ्राई हो जाए तो एक प्लेट के ऊपर टिश्यू पेपर रखकर उसमें इन्हें निकालें।

इसे भी पढ़ें: पनीर से बनाना है कुछ नया तो ट्राई करें यह रेसिपी

अब बारी है मंचूरियन का सॉस बनाने की। इसके लिए एक पैन लेकर उसमें दो चम्मच ऑयल डालें। अब इसमें अदरक व लहसुन को डालें और दो मिनट के लिए पकाएं। अब इसमें बची हुई पत्तागोभी डालकर हल्का चलाएं। इसके बाद इसमें चिली सॉस, सोया सॉस, थोड़ा सा पानी व शिमला मिर्च डालकर मिक्स करें। अब इसमें स्प्रिंग अनियन डालें। अब आप एक बाउल में थोड़ा सा कॉर्नफ्लोर लेकर उसमें पानी डालकर एक मिश्रण बनाएं। इस कॉर्नफ्लोर मिश्रण को पैन में डालें। आखिरी में इसमें तैयार मंचूरियन बॉल्स डालें और मिश्रण से कोट करें। इसे आप चार-पांच मिनट के लिए धीमी गैस पर पकाएं।बस आपके ब्रेड मंचूरियन बनकर तैयार है। आप इसे गरमा-गरम सर्व करें।

# डाइनिंग टेबल डेकोर

घर की शोभा बढ़ाने में डाइनिंग टेबल का भी बड़ा हाथ होता है। डायनिंग टेबल से लिविंग रूम की शोभा चार गुना बढ़ती है और अगर यह ठीक से अरेंज हो तो इसकी खूबसूरती में चार चांद लगा देती है। डायनिंग टेबल सैट करते वक्त कुछ बातों को ध्यान में रखना चाहिए।

1. डानइनिंग टेबल साफ रखें। अपनी डायनिंग टेबल को हमेशा साफ रखें। अगर आपके घर पर पार्टी है या फिर गेस्ट आने वाले हैं तो अपनी डायनिंग टेबल को पोंछ कर ही उस पर नैपकिंस और पलेट्स सजाएं।
* डाइनिंग टेबल पर टेबल मैट ऐसा होना चाहिए चाहिए जो दिखने में खूबसूरत होने के साथ-साथ साफ करने में भी आसान हो।
* टेबल पर बीचों-बीच एक सेंटर पीस रख देने से टेबल पर रखें अन्य समान अपनी जगह पर ठीक से अरेंज हो जाएंगे। सेंटर पीस के रूप में आप फूलों का वास या शो पीस आदि रख सकती हैं। अगर आपको सेंटरपीस नहीं रखने का मन है तो आप वहां पर नैपकिन का सेट भी रख सकती हैं।
* कटलरी परोसे गए खाने के आइटम के हिसाब से होनी चाहिए। इसे बाहर से अंदर के हिसाब से रखना चाहिए।
* डाइनिंग टेबल पर ज्यादा भीड़ न लगाएं. डिनर के लिए अपने डायनिंग टेबल को यूजर फ्रेंडली बनाइए। वहां पर केवल वही चीजें रखें जिनकी जरूरत हों।

# नारियल तेल को स्किन केयर रूटीन में शामिल करने से पहले जान लें यह बातें

नारियल का तेल त्वचा को हाइड्रेट करता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि यह आपकी रूखी त्वचा की हर समस्या के उपचार के लिए सही है। स्किन केयर एक्सपर्ट के अनुसार, एक्जिमा के उपचार के रूप में इसका उपयोग करने से आपको मदद नहीं मिलेगी।

स्किन से लेकर बालों की देखभाल के लिए नारियल तेल को सालों से इस्तेमाल किया जाता रहा है। यह त्वचा को हाइड्रेट करता है, गहरे पैच को हल्का करता है और कोलेजन उत्पादन को बढ़ाता है। इसकी मदद से कई सौंदर्य समस्याओं को आसानी से सुलझाया जा सकता है। इसलिए, इसे ब्यूटी रूटीन में शामिल करने की सलाह दी जाती है। हो सकता है कि आप भी इसे अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल करने का मन बना रही हों, लेकिन इससे पहले आपको इससे जुड़ी कुछ बातों के बारे में जान लेना चाहिए। तो चलिए जानते हैं इन बातों के बारे में-

चुनें सही नारियल तेल

नारियल तेल तीन प्रकार के होते हैं- परिष्कृत, अपरिष्कृत और तरल। आप जिस नारियल तेल से अपनी स्कैल्प की मसाज करती हैं, उसे अपनी स्किन पर नहीं लगा सकतीं। खाना पकाने के लिए इस्तेमाल होने वाला नारियल तेल को हेयर स्कैल्प पर लगाया जाता है और इसलिए यह स्किन पर हैवी होता है। अनरिफाइंड, आर्गेनिक और कोल्ड प्रेस्ड स्किन केयर के लिए बेस्ट माने जाते है, क्योंकि यह शुद्ध होते हैं।

पोर्स को करें क्लॉग

स्किन केयर एक्सपर्ट बताते हैं कि वैसे तो नारियल का तेल स्किन के लिए काफी अच्छा माना जाता है, लेकिन यह कॉमेडोजेनिक पैमाने पर काफी अधिक है और इसलिए यह आपके छिद्रों को क्लॉग कर सकता है। जब पोर्स क्लॉग होता है तो इससे डेड स्किन सेल्स, बैक्टीरिया और अतिरिक्त सीबम उत्पादन ब्लैकहेड्स व मुंहासे का कारण बनता है। इसलिए अपने पूरे चेहरे पर तेल लगाने से पहले पैच टेस्ट करना सबसे अच्छा है।

इसे भी पढ़ें: स्किन के लिए वरदान समान है अनार, जानिए इसके कुछ जबरदस्त लाभ

सूखी स्किन की हर समस्या का समाधान नहीं

यह सच है कि नारियल का तेल त्वचा को हाइड्रेट करता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि यह आपकी रूखी त्वचा की हर समस्या के उपचार के लिए सही है। स्किन केयर एक्सपर्ट के अनुसार, एक्जिमा के उपचार के रूप में इसका उपयोग करने से आपको मदद नहीं मिलेगी। हालांकि, यदि आपके पास स्किन रूखी है।

# रामनवमी शोभा यात्रा जुलूस के दृष्टिगत पुलिस प्रसाशन ने किया सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम

**नशेबाज और उत्पातियों पर रहेगी विशेष नजर, सादे कपड़ों में एलआईयू के जवान रहेंगे मुस्तैद, सभी जुलूसों के साथ व मार्गों पर राजपत्रित पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस बल की लगायी गयी ड्यूटी**

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। रामनवमी पर्व के दौरान निकलने वाले जुलूस व पर्व को शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत ओमवीर सिंह पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के कुशल निर्देशन में थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी जुलूसों के साथ व मार्गों व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था हेतु राजपत्रित पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस/पीएसी बल की ड्यूटी लगाते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए है। समस्त पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ लगातार भ्रमणशील रहते हुए सर्व समुदाय के धर्मगुरुओं से वातार्लाप कर उन्हें भली-भांति अवगत कराया जा रहा है कि जुलूसों में प्रतिबन्धित हथियारों का प्रदर्शन न किया जाए। सभी प्रमुख स्थानों पर सादे वस्त्रों में एल.आई.यू. पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। सभी से शांति व सद्भाव बनाए रखने की अपील भी की जा रही है। सोशल मीडिया सेल टीम द्वारा भड़काऊ पोस्ट व वीडियो बयान जारी करने, साजिश रचने व माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही है। ऐसे शरारती तत्वों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। आमजन से अपील की जा रही है कि किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की जरूरत नहीं है, इससे आपका नुकसान ही होगा। किसी भी सूचना पर तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचना दें। पुलिस चुस्ती व मुस्तैदी से अपना काम करेगी। पुलिस द्वारा हर कार्रवाई बिना किसी भेदभाव के अमल में लाई जाएगी। गाजीपुर पुलिस शांति व सद्भाव बनाए रखने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

## शाकाहार और सदाचार अपनाने तथा नशा मुक्ति के लिए निकाली बाइक रैली

प्रखर केराकत जौनपुर। बाबा जयगुरुदेव के उत्तराधिकारी उमाकांत जी महराज के निर्देश पर उनके अनुयायियों ने गुरुवार को केराकत तहसील क्षेत्र के विभिन्न बाजारों में बाइक रैली निकाली। इस दौरान उन्होंने जगह जगह रुक कर लोगों को शाकाहार और सदाचार अपनाने तथा नशामुक्त रहने की सीख दी। बाइक रैली मोढ़ेला से शुरू हुई और थानागद्दी, जलालपुर, धमार्पुर के रास्ते से गौराबादशाहपुर, मुफ़्तीगंज और केराकत होते हुए अकबरपुर गांव में हुबराज सिंह के घर पर पहुंचकर समाप्त हो गई। रैली में शामिल उमाशंकर जी महराज के अनुयायी एक रंग का गमछा टोपी लगाकर चल रहे थे। रैली में संजय सिंह, शोभनाथ मौर्या, हरिलाल राजभर, अनिल पाण्डेय, सुदामा पाण्डेय, सभाजीत यादव, प्रदीप सिंह, सेचई राम, हरिहर यादव आदि लोग शामिल रहे। रैली का नेतृत्व संतोष कुमार सिंह और सुनील दत्त सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

## पीयू रोवर्स- रेंजर की दोनों टीम फिर प्रदेश चैंपियन बनीं

### विश्वविद्यालय की कुलपति ने रोवर्स-रेंजर टीम को दी बधाई

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर की रोवर्स -रेंजर्स की दोनों टीम प्रदेश चैंपियन बनी। प्रदेश चैंपियन का खिताब पीयू को कई वर्षों से लगातार मिलता आ रहा है। पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने रोवर्स- रेंजर्स की टीम को बधाई देते हुए कहा कि संघर्ष करने वालों की कभी हार नहीं होती। कुलसचिव महेंद्र कुमार ,वित्त अधिकारी श्री संजय कुमार राय परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह रोवर रेंजर विश्वविद्यालय संयोजक डॉ जगदेव ने विजेता टीम को फोन पर बधाई दी ' प्रादेशिक रोवर रेंजर चैंपियनशिप 2023 में संयुक्त रूप से वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय और महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ को मिला । तीन दिवसीय प्रादेशिक रोवर्स रेंजर्स समागम कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज प्रयागराज में आज 29 मार्च को संपन्न हुआ। निबंध,

पोस्टर, हस्त कौशल, पायनियरिंग, टेंट पुल सहित कुल 20 प्रतियोगिताओं में प्राप्तांक के आधार पर पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर और काशी विद्यापीठ वाराणसी को संयुक्त रूप से प्रथम विजेता घोषित किया गया। पीजी कॉलेज गाजीपुर का रोवर दल और राजकीय महिला पीजी कॉलेज गाजीपुर की रेंजर टीम चैंपियन बनी ' यह दोनों टीमें गत वर्ष भी प्रदेश चैंपियन थीं। टीम प्रभारी लीडर डॉ अशोक कुमार सिंह, डॉ शिव कुमार, दिनेश यादव डीओसी गाजीपुर, राकेश कुमार मिश्र डीओसी जौनपुर आदि उपस्थित रहे ' रेंजर टीम लीडर सविता रावत उप लीडर जैती जैन और श्रवण कुमार टीम लीडर ने कड़ी मेहनत करके यह सम्मान विश्वविद्यालय के नाम किया ' विश्वविद्यालय संयोजक डॉ जगदेव ने बताया कि टीम की वापसी के बाद विजेता रोवर्स रेंजर्स और टीम प्रभारियों को सम्मानित किया जाएगा क

## राहुल गांधी के समर्थन में कांग्रेसियों ने मशाल जुलूस निकाल केंद्र सरकार का किया विरोध

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। राहुल गांधी के समर्थन में केंद्र सरकार के निर्णय के विरोध में शिव कुमार पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी मिजार्पुर के नेतृत्व में अहरौरा नगर में हाथ पर काली पट्टी बांधकर कांग्रेसियों ने मशाल जुलूस निकाल भ्रमण किया । जिसमें शिव कुमार पटेल अध्यक्ष जिला ने कहा हम कांग्रेस जन राहुल गांधी के सिपाही हैं और राहुल गांधी के लिए लड़ते रहेंगे जब तक मोदी जी यह नहीं बता देते कि 20 हजार करोड़ अडानी को कहां से आया तब तक हम लोग यह सवाल उनसे उठाते रहेंगे और हम लोग भी जानना चाहते हैं कि अडानी जी की संपत्ति इतनी तेजी से कैसे बढ़ गई वरिष्ठ कांग्रेसी गुलाब चंद्र पांडे ने कहा हम लोग राहुल गांधी के लिए आखिरी सांस तक लड़ेंगे और देश पर आंच नहीं आने देंगे उमाशंकर प्रजापति ने कहा जब राहुल गांधी जी कहेंगे तब तक हम लोग लड़ेंगे और उनके साथ न्याय की लड़ाई में बराबर साथ रहेंगे कार्यक्रम में प्रमुख रूप से तुलसी दास गुप्ता कैलाश प्रजापति आनंद गुप्ता इंद्र देव शर्मा संतोष पांडे प्रभात मिश्रा विजय मौर्य विजय कुमार भारती रामचंद्र प्रजापति रामराज प्रजापति राजनारायण विश्वकर्मा राजू भारती विनोद कुमार आदि कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## लोक अदालत को सफल बनाने के लिए प्री ट्रायल बैठक

बलिया। (स्टेट मीडिया) उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया श्री जितेन्द्र कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, नरेन्द्र पाल राणा के संचालन में दिनांक 29/03/2023 को माननीय महोदय के विश्राम कक्ष में समस्त अपर जनपद न्यायाधीश एवं फाइनेन्स कम्पनी के अधिवक्तागण के साथ प्री-ट्रायल बैठक, विशेष लोक अदालत दिनांक 15.04.2023 को व्यापक रूप से सफल बनाने के उद्देश्य से की गयी। उक्त बैठक में दिनांक 15/04/2023 को आयोजित आगामी विशेष लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु विचार विमर्श किया गया।

## जनपद भर में नवरात्रि उपासना के बाद हुआ कन्या पूजन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। चैत्र नवरात्रि के अष्टमी-नवमीं के अवसर पर कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन जनपद के विभिन्न ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में किया गया। कन्या पूजन से पूर्व कन्याओं को देवी रुप में जहाँ सवारा गया वही उन को भोजन भी कराया गया। इसी क्रम में बिरनो ब्लॉक के भड़सर गांव निवासी वीरेंद्र सिंह के आवास पर चैत्र नवरात्रि अष्टमी नवमी के अवसर पर कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया समाजसेवी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि चैत नवरात्रि का सनातन धर्म से विशेष महत्व है सृष्टि का पालन और संचालन करने वाली आदिशक्ति की आराधना का पर्व ही नवरात्रि है। नवरात्रि सर्वशक्तिमान सर्वव्यापी जगत जननी को समर्पित है।भारतीय संस्कृति में कन्याओं को दुर्गा का साक्षात रूप माना जाता है इसलिए कन्या पूजन के बिना नवरात्रि व्रत को पूर्ण नहीं माना जाता है मनुष्य प्रकृति रूपी कन्याओं को पूजन करके साक्षात भगवती की कृपा पा सकते हैं अष्टमी और नवमी को कन्या पूजन के लिए श्रेष्ठ माना गया है इस अवसर पर विनोद गुप्ता कालोनी में अपर जिला सूचना अधिकारी राकेश कुमार एवं उनकी धर्म पत्नी ममता देवी ने 09 कन्याओं का कन्या पूजन पैर धोकर किया । कन्या पूजन के

श्यामसुंदर राजभर रामलाल उर्फ घुरा केशव सिंह तेज बहादुर सिंह सुरेश विश्वकर्मा लल्लन प्रजापति रविंद्र चौरसिया मोनू पटेल राजेश यादव अखिलेश पाल कमला पाल भरत पाल छोटू पाल संतोष खरवार आदि उपस्थित रहे। वहीं रीवर बैंक दौरान कन्याओ को भोजन कराया गया, तथा कन्याओं को दक्षिणा स्वरूप भेट दिया गया। इसके साथ ही साथ प्रत्येक कन्याओ फल, मिष्ठान, चुनरी आदि का भेंट कर सभी कन्याओं से आर्शिवाद प्राप्त किया।

## जनपद भर में मंदिरों पर आयोजित अखंड पाठ का हुआ समापन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शासन के निर्देश पर क्षेत्र नवरात्रि के अवसर पर 22 मार्च से 30 मार्च तक जनपद के विभिन्न मन्दिरो में देवी जागरण, अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया गया जिसका आज समापन किया गया। इसी क्रम में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी विकास खण्ड करण्डा स्थित सामिया माई मन्दिर पर उपस्थित होकर पूजा अर्चना करने के पश्चात अखण्ड रामायण पाठ का समापन किया गया। इसी क्रम में में नगर के राम जानकी मंदिर लंका मैदान में मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिला सूचना अधिकारी राकेश कुमार की उपस्थित मे अखण्ड रामायण पाठ का समापन किया गया। समापन के पश्चात मन्दिर परिसर में ही 108 कन्या पूजन समारोह का अयोजन सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि ने कन्याओ के पैर धुलने से लेकर

उनको भोजन कराया गया, तथा कन्याओं को चुनरी एवं दक्षिणा स्वरूप भेट वितरित करने के पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंन्दिर के मुख्य पुजारी पुजारी अखिलेश्वर दास, राम लीला मंच समिति के मंत्री बच्चा तिवारी, अन्य श्रद्धालु एवं गणमान्य व्यकित उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त तहसील कासिमाबाद के मॉ चण्डी धाम बहादुरगंज एवं जनपद के विभिन्न मंदिरों पर भी श्रीरामचरितमानस के कराये गये अखंड पाठ का समापन किया गया। प्रदेश सरकार की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा धार्मिक कार्यक्रमों का अनुष्ठान कराया गया।

## नगर निकाय चुनाव को लेकर हलचल बढ़ी, टिकट के लिए घमासान

### सपा और भाजपा में उम्मीदवार की है लंबी लाइन

खेतासराय (जौनपुर) नगर निकाय चुनाव का आगाज हो चुका है । प्रदेश में आरक्षण की सूची अगले 48 घंटे के अंदर कभी भी जारी हो सकती है । यदि हम जौनपुर के खेतासराय की सीट की बात करें तो उक्त सीट पर घमासान मचा हुआ है । खेतासराय सीट पर भाजपा और सपा से टिकट मांगने वालों की लिस्ट लंबी है ।सभी दावेदार अपनें आकाओं और नेताओं के चौखट पर पहुंचकर टिकट के लिए जोर अजमाईश कर रहे हैं ।हालात यह हो गए है कि आका भी नहीं जानते कि वह अपनें समर्थक को टिकट दिलवा पाएंगे या नहीं ? चर्चा हैं कि अप्रैल और मई के अंदर चुनाव करा लिए जायेंगे ।ऐसे में नगर निकाय चुनाव में उतरने वाले दावेदारों में संघर्ष शुरू हो चुका है । आलम यह है कि समाजवादी पार्टी और भाजपा से सीट पर आधा दर्जन से अधिक लोग दावेदारी कर रहें हैं। हालांकि की सभी निगाहें आरक्षण की लिस्ट पर टिकी हुई है । खेतासराय की सीट यदि जनरल हुआ तो बदलाव तय माना जा रहा है । सूत्र बताते हैं कि तब पार्टी किसी जनरल उम्मीदवार को मैदान में उतार सकतीं हैं । और यदि खेतासराय की सीट ओबीसी हुआ

तो कई उम्मीदवार मैदान से आउट हो जायेंगे। खेतासराय की सीट से सामान्य उम्मीदवार की बात करें तो भाजपा और सपा से कई दावेदारी मजबूत माना जा रहा है । चुनावी मैदान में जीतेगा कौन,यह बाद की बात है,लेकिन फिलहाल टिकट की दौड़ में जीतने की होड़ मची हुई है ।और ऊंट किस ओर करवट बैठेगा,यह तो वक्त ही बताएगा

## संक्षिप्त खबरें

### शिक्षक की पत्नी ने प्रधान प्रतिनिधि पर लगाया गंभीर आरोप

प्रखर मिजार्पुर। मड़िहान प्रधान प्रतिनिधि पर शिक्षक की पत्नी ने गंभीर आरोप लगाया है। महिला की शिकायती पत्र के आधार पर आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस जाँच पड़ताल में जुटी है। मामला थाना क्षेत्र के एक गांव का बताया जा रहा है। सूत्रों से जानकारी मिली कि ग्राम प्रधान बच्चों के निवाले (एमडीएम) से कमीशन चाहते थे। शिक्षक द्वारा इतराज करने पर परेशान किया जा रहा था। ग्रामीणों में चर्चा है कि प्रधान एवं प्रतिनिधि का दांव उल्टा पड़ गया। पुलिस द्वारा पूछताछ में प्रधानजी पसीना छोड़ रहे हैं।शिक्षिका द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार बताते हुए सम्मान बचाने के लिए पुलिस के सामने गिड़गिड़ाने के शिवा कोई रास्ता नही सूझ रहा। इधर पुलिस तकनीकी जांच से सुबूत इकट्ठा कर रही है।

### पत्नी और बच्चों को बाइक पर बैठाकर देवी दर्शन को जा रहे पति-पत्नी की बाइक अनियंत्रित होकर गिरी, पत्नी की मौत

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। बाइक पर पत्नी एवं बच्चों को बैठाकर सोनभद्र से चकिया की तरफ जा रहे दंपत्ति की बाइक अहरौरा थाना क्षेत्र के चकिया मार्ग स्थित आनंदी पुर गांव के समीप अनियंत्रित होकर गिरी जिससे मौके पर ही पत्नी की मौत हो गई दो बच्चे और पति साफ-साफ बचे। सोनभद्र के रावटसगंज कोतवाली अंतर्गत बडौली गोरारी गांव निवासी रविकांत अपनी पत्नी आशा देवी व दो बच्चों को बैठा कर चकिया मार्ग से बिहार स्थित मुंडेश्वरी देवी दर्शन को जा रहा था जैसे ही क्षेत्र थाना क्षेत्र के आनंदी पुर गांव के समीप पहुंचा जर्जर सड़क पर बाइक अनियंत्रित होकर गिर गया जिस पर पत्नी पीछे की तरफ गिर गई जिससे उसे सर में गंभीर चोटें आई यह देख आसपास के लोगों ने घायल आशा देवी उम्र25 वर्ष को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पत्नी की मौत के बाद पति रविकांत के जैसे होश उड़ गए थे दोनों बच्चे रोली 9 वर्ष प्रिंस 7 वर्ष को पकड़कर रो रहा था ।पत्नी की मौत के बाद रविकांत की मानो जैसे दुनिया ही उजड़ गई थी। कुछ भी बता पाने में असमर्थ था। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### काशी के उद्यमी व व्यापारियों ने सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य का किया अभिनंदन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। काशी के उद्यमी व व्यापारियों ने महामहिम राज्यपाल सिक्किम लक्ष्मण आचार्य का उनके आवास पर पहुंचकर अभिनंदन किया आर के चौधरी नारायण खेमका, अशोक जायसवाल, रजनीश कनौजिया, राकेश जायसवाल सहित प्रमुख उद्यमी, व्यापारी उपस्थित रहें।

### स्थानांतरित हुए पनिरीक्षक समेत अन्य पुलिसकर्मियों को दी गई विदाई

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। स्थानीय थाने पर तैनात उप निरीक्षक समेत दर्जनभर पुलिसकमीयो का पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पिछले दिनों जनपद के अन्य थानों पर स्थानांतरण कर दिया था। स्थानांतरित हुए पुलिसकर्मियों को प्रभारी निरीक्षक कुमुद शेखर सिंह ने जलपान करा कर उनका माल्यार्पण कर अंगवस्त्रम देकर विदा किया। उत्तम पुलिस की कार्यशैली के लिए उन्हें भविष्य में अग्रिम बधाई दी। स्थानी थाने पर काफी दिनों से तैनात कांस्टेबल सुधाकर खरवार,राजेश रमन राय,मंजूर आलम,सुरेंद्र नाथ सिंह,अनूप सिंह,सुशील सिंह,राघवेंद्र सरकार, प्रियंका बिजनोरिया, विजय बहादुर सिंह,उप निरीक्षक कमलेश सरकार समेत सभी पुलिसकर्मी पिछले अनुभव के यादों को ताजा कर अपने साथियों को भविष्य के लिए बधाई देते हुए अपने निर्धारित तैनाती वाले स्थान के लिए रवाना हुए।

### अंतर्जनपदीय चोरों का पदार्फाश, लूटी हुई बाइक व तमंचा के साथ गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों तथा वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद के कुशल मार्गदर्शन में आज 30 मार्च को अन्तर्जनपदीय चोरों का पदार्फाश करते हुए मुखबिर की सूचना पर चोरी की फिराक में भ्रमणशील अभियुक्त दयाशंकर यादव पुत्र शिववचन यादव निवासी सोहांव उम्र 34 वर्ष थाना नरही जनपद बलिया को उप निरीक्षक विकास सिंह मय हमराह द्वारा तेतरिया मोड से गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की गयी 01अदद मोटरसाईकिल फर्जी नंबर प्लेट हीरो सुपर स्प्लेण्डर व एक अदद तमंचा .315 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ। जिसके सम्बन्ध में स्थानीय थाना पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा जा रहा है । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक विकास सिंह के साथ कांस्टेबल अजय कुमार प्रजापति शामिल रहे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोड: 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालय: 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोड: 233001
सम्पर्क सूत्र: 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं